हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 3 अप्रैल 2026



# हवन-पूजन के साथ मना वीर बजरंगी का जन्मोत्सव, जगह-जगह हुए भंडारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



श्रीराम भक्त हनुमान के जन्मोत्सव पर अंचल में श्रद्धा भक्ति का माहौल रहा। मंदिर सहित घरों में विधि-विधान से पूजा-अर्चना सहित विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। सुबह से देर शाम तक भक्तों की उपस्थिति मंदिरों में रही।

अंचल में श्री हनुमान जन्मोत्सव की धूम रही। शहर सहित ग्रामीण इलाकों में भक्तों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना हवन किया। इस मौके पर मंदिर व घरों में ध्वज पताका लगाया गया। इस मौके पर हनुमान चालीसा सहित विविध धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला रही।

शहर के हनुमान मंदिर मानव मंदिर चौक, बालाजी मंदिर पुराना गंज, रामदरबार मंदिर, मां शीतला मंदिर परिसर हनुमान मंदिर, मिथिलाधाम श्री गणेश मंदिर, प्यारेलाल चौक मंदिर, महावीर चौक हनुमान मंदिर, भानपुरी मंदिर, सिंगारपुर हनुमान, तुलसीपुर हनुमान मंदिर सहित अन्य मंदिरों में सुबह से लेकर देर रात तक भक्तों की भीड़ उमड़ी रही।

## श्रद्धा भक्ति का माहौल, हनुमानमय रही संस्कारधानी





### भंडारा में शामिल हुए भक्त

भक्तों ने पूजा-अर्चना कर प्रसादी वितरण किया। इस मौके पर कई संस्थाओं द्वारा कई स्थानों पर भंडारा महाप्रसादी का वितरण किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल होकर महाप्रसादी ग्रहण किए। सुबह के समय बालाजी मंदिर पुराना गंज से जयकारों के साथ प्रभातफेरी निकाली गई।

### जयकारों की रही गूंज

दिनभर श्रीराम भक्त हनुमान के जयकारे, भजन, हनुमान चालीसा की गूंज बनी रही। ग्रामीण इलाकों में रामायण पाठ, सहित विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। दिनभर बाजार में पूजा सामग्रियों की मांग बनी रही।

## खबर संक्षेप

### रूद्र महायज्ञ एवं शिव महापुराण कथा 9 से

**साल्हेवारा।** देवपुरा घाट में आगामी 9 अप्रैल से रुद्र महायज्ञ एवं श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन रखा गया है।

यह आयोजन 15 अप्रैल तक चलेगा। पंडित मोहन नारायण शास्त्री श्रद्धालुओं को शिव महापुराण कथा का रसपान करेंगे। प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान होंगे। दोपहर 2 बजे से शिव महापुराण कथा का वाचन होगा। इस दौरान पार्थिव शिवलिंग पूजन, अभिषेक एवं रुद्राक्ष वितरण किया जाएगा। ग्रामवासियों ने अंचल के लोगों से शामिल होने का आव्हान किया है।

## माय एंगल




## शासन को मिला 360 करोड़ रुपए का राजस्व, देशी की बिक्री अधिक

# सालभर में बिकी 600 करोड़ रुपए की शराब, बढ़ गया 24% राजस्व !

### कुल बिक्री में देशी शराब का 54 प्रतिशत हिस्सा, विदेशी शराब पिछड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

31 मार्च गुजरने के साथ ही पिछला वित्तीय वर्ष समाप्त हो गया है। हर वित्तीय वर्ष में आबकारी महकमा शराब बिक्री का टारगेट तय करता है। राजनांदगांव जिले में पिछले वित्तीय वर्ष में छह सौ करोड़ रुपए की शराब बिक्री हुई, यानि साल के हर दिन लगभग पौने दो करोड़ रुपए की शराब मदिराप्रेमियों ने गटकी। इसमें सरकार को लगभग 360 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुए है, यहां आंकड़ा पिछले वित्तीय वर्ष से लगभग 24 फीसदी तक अधिक है।

ऐसे में चालू वित्तीय वर्ष में आबकारी महकमा मान रहा है कि जिले में साढ़े छह सौ करोड़ रुपए से अधिक का शराब बिक्री और राजस्व प्राप्ति का आंकड़ा चार सौ करोड़ के पार हो सकता है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में पिछले एक दशक से शराब का सरकारीकरण हो चुका है। सभी जिलों में अब शासन ही शराब दुकानों का संचालन करती है। शराब की बिक्री प्रदेश सरकार के राजस्व का एक बड़ा महत्वपूर्ण हिस्सा भी माना जाता है। यही कारण है कि शराब बिक्री को प्रोत्साहन देने के लिए आबकारी विभाग भी सालभर सक्रिय नजर आता है। इस वित्तीय वर्ष शराब बिक्री के सामने आए आंकड़ों से यह माना जा सकता है कि जिले में मदिराप्रेमियों की संख्या बढ़ी है। यही कारण है कि राजस्व का दायरा भी बढ़ गया है।

### खास बातें

- शराब बिक्री का दायरा बढ़ा, पिछले साल से 15 करोड़ की अधिक बिक्री
- जिले में कुल 19 दुकानें, इनमें तीन प्रीमियम शामिल



### जिले में डेढ़ दर्जन दुकान संचालित

ज्ञात हो कि जिले में शराब बिक्री के लिए कुल डेढ़ दर्जन शराब दुकान संचालित की जा रही है। इसमें 16 कम्पोजिट शराब दुकानें है और दो प्रीमियम शराब दुकान शामिल हैं। इसके अलावा एक प्रीमियम शराब दुकान और जिले में खोली गई है। बताया गया कि पिछले वित्तीय वर्ष 290.22 करोड़ का राजस्व शासन को मिला था। इस बार 360.25 करोड़ रुपए का राजस्व शासन को मिला है, यह लगभग 24 फीसदी अधिक है।

### सालभर में 905 कार्रवाई

आबकारी विभाग का कहना है कि जिले में शराब बिक्री बढ़ाने के साथ ही पड़ोसी राज्यों से आने वाली शराब पर भी एक्शन लिया गया है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार सालभर के दौरान शराब की अवैध बिक्री के कुल 905 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। यह पिछले साल के 835 प्रकरण से लगभग दस फीसदी अधिक है। इनमें पड़ोसी राज्यों से आने वाली शराब पर कार्रवाई भी शामिल है।

### देशी की बिक्री विदेशी से अधिक

जिलेभर में जहां सालभर में छह सौ करोड़ रुपए की शराब बेची गई है। वहीं इनमें बड़ा हिस्सा देशी शराब का है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार जिले में सालभर के दौरान कुल 327 करोड़ रुपए की देशी शराब बेची गई है, यहां कुल बिक्री का लगभग 54 फीसदी है। वहीं शेष 225 करोड़ की विदेशी स्प्रिट और 48 करोड़ की विदेशी माल्ट शराब बेची गई है। पिछले साल जिले में कुल 585 करोड़ रुपए की शराब बेची गई थी।

# कपड़ा दुकान में चोरी के तीन आरोपी पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



कपड़ा दुकान का ताला तोड़कर 7 नग पैंट चोरी किए जाने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी चेतन यादव निवासी मोहारा ने 1 अप्रैल को थाना बसंतपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 31 मार्च की दरमियानी रात लगभग 3.10 बजे दुकान मालिक का फोन आया कि कपड़ा दुकान के शटर का ताला टूटने की आवाज आ रही है। सूचना मिलने पर वह दुकान के पास पहुंचा तो 2-3 व्यक्तियों को दुकान के पास से भागते हुए देखा। दुकान की जांच करने पर शटर का ताला टूटा हुआ मिला तथा दुकान में रखे रेक से 7 नग फुल पैंट चोरी होना पाया गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305, 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**जिले में बढ़ती चोरी बनी चिंता का कारणः** ज्ञात हो जिले में पिछले कुछ समय के दौरान चोरी की घटनाओं में इजाफा देखने को मिला है। शहर में भी बीच इलाकों से लेकर बाहरी क्षेत्रों में चोरी की शिकायतें सामने आई है। बड़ी बात यह है कि इनमें कई चोरियों में दूसरे राज्य से आकर वरदात को अंजाम देने वाला गिरोह भी शामिल रहा है। दूसरे राज्य से आने वाले आरोपियों की धड़पकड़ में पुलिस टीम भी कमजोर नजर आई है। जबकि आधुनिक उपकरणों का उपयोग भी पुलिस द्वारा किया जा रहा है।

### आरोपियों से पैंट व बाइक जब्त

इस मामले में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में टीम गठित कर घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन किया गया। संदेह के आधार पर आरोपी हिमांशु यादव, राहुल उर्फ गुज्जर राजपूत एवं उमेश निषाद को तलब कर पूछताछ की गई, जिस पर उन्होंने चोरी करना स्वीकार किया।विवेचना के दौरान आरोपियों से चोरी किए गए 7 नग पैंट एवं घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल हीरो स्प्लेंडर जब्त की गई।

## प्राचीन श्री बालाजी मंदिर

# 30 सालों से हर मंगलवार हो रहा सुंदरकांड का पाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



रियासतकालीन दौर में स्थापित हुए शहर के गंज चौक स्थित श्री बालाजी हनुमान मंदिर का इतिहास 150 वर्ष से अधिक पुराना है। यह प्राचीन मंदिर लोगों की धार्मिक आस्था का केंद्र बना हुआ है। विगत 30 वर्षों से इस मंदिर में पुरूषों द्वारा हर मंगलवार की शाम सामूहिक सुंदरकांड किया जाता है, जो इस मंदिर को भक्तिभाव में अलग पहचान दिलाता है। कहा जाता है कि इस मंदिर में श्रद्धा भक्ति के साथ आने वाले लोगों की मनोकामना भी पूर्ण होती है।

शहर के श्री बालाजी हनुमान मंदिर में श्री हनुमान जन्मोत्सव पर भी विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी यहां पर अखंड रामायण पाठ एक दिन पूर्व ही शुरू किया गया। वहीं हनुमान जयंती के अवसर पर आज सुबह 4 बजे सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ और इसके बाद 6 बजे प्रभातफेरी निकाली गई। वहीं सुबह लगभग 10 बजे श्री बालाजी हनुमान का दुग्धाभिषेक किया गया और हनुमान जयंती के अवसर पर दोपहर से देर शाम तक भंडारा प्रसादी वितरण किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोगों ने पहुंचकर यहां भंडारा स्वरूप प्रसादी ग्रहण किया। श्री हनुमान जयंती के अवसर पर बालाजी हनुमान मंदिर में शाम 4 बजे से सामूहिक सुंदरकांड पाठ किया गया और इसके बाद 7.30 बजे महाआरती संपन्न हुई। इस महाआरती में भी सैकड़ों लोग शामिल होकर श्री बालाजी हनुमान की पूजा-अर्चना की। इस दौरान महाआरती का नजारा अलौकिक दिखाई पड़ रहा था। वहीं आयोजन के अवसर पर रात 8.30 बजे से भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें हनुमान भक्त जमकर झूमे।

**चौथी पीढ़ी कर रही सेवा**

मंदिर के पुजारी संजय शर्मा ने बताया कि इस मंदिर का इतिहास लगभग 175 वर्ष के करीब का है। उन्होंने कहा कि इस मंदिर में उनकी चौथी पीढ़ी सेवा कर रही है। उन्होंने कहा कि यहां पर सैकड़ों श्रद्धालु आते हैं और उनकी मनोकामनाएं भी श्री बालाजी हनुमान पूरी करते हैं। जिसके चलते यहां पर लोगों की आस्था बढ़ती जा रही है।

### 4 वर्षों से महिलाएं कर रही सुंदरकांड पाठ

गंज चौक स्थित श्री बालाजी हनुमान मंदिर में महिलाओं की भी खासी आस्था है। यहां पर महिला मंडल द्वारा प्रति मंगलवार की दोपहर सामूहिक सुंदरकांड पाठ किया जाता है, जो लगभग 4 वर्षों से जारी है। वहीं मंदिर के सभी आयोजन में महिला मंडल की सक्रिय भागीदारी रहती है।

## शहर कांग्रेस की नई टीम घोषित, कार्यकारिणी में छह महिलाएं भी शामिल

# राकेश बने कोषाध्यक्ष, इकरामुद्दीन सहित 12 महामंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला कांग्रेस ग्रामीण के बाद अब शहर कांग्रेस की भी नई कार्यकारिणी जारी कर दी गई है। हनुमान जयंती के अवसर पर घोषित नई टीम में पूर्व शहर अध्यक्ष रहे राकेश जोशी को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं इकरामुद्दीन सोलंकी सहित कुल 12 नेताओं को महामंत्री बनाया गया है। टीम में छह उपाध्यक्ष, 12 सचिव और दस कार्यकारिणी सदस्य भी बनाए गए हैं। जितेन्द्र मुदलियार की नई टीम में छह महिलाओं को भी शामिल किया गया है।

उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह ही जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष विपिन यादव ने अपनी कार्यकारिणी जारी की थी। जिसके बाद से ही शहर कांग्रेस की नई टीम को लेकर इंतजार बढ़ गया था। वरिष्ठ नेताओं से रायशुमारी और प्रदेश संगठन से हरी झंडी मिलने के बाद गुरुवार हनुमान जयंती के अवसर पर नई कार्यकारिणी भी जारी कर दी गई है। इस नई टीम में शहर के सभी हिस्सों से नेताओं को शामिल करने की कोशिशों के साथ ही एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग को भी साधने की प्रयास किया गया है। इसके अलावा महिलाओं की भागीदारी भी सुनिश्चित की गई है।



**एक सूची और आएगीः** कांग्रेसी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को जारी की गई शहर कांग्रेस की कार्यकारिणी के अलावा आने वाले दिनों में संगठन विस्तार को लेकर एक सूची और जारी की जाएगी। इस नई सूची में संयुक्त सचिव, संयुक्त महासचिव और विशेष आमंत्रित सदस्य शामिल किए जाएंगे। बताया गया कि इसको लेकर भी नाम फाइनल तय करने का काम शुरू कर दिया गया है।

### बृजेश बने मीडिया प्रभारी

शहर कांग्रेस की कार्यकारिणी जारी किए जाने के बाद प्रवक्ता और मीडिया प्रभारी की भी सूची जारी कर दी गई है। बृजेश श्यामकर एवं सुनील आहूजा को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। वहीं ललित मरकाम, राकेश चंद्राकर, प्रतिमा बंजारे, प्रदीप राठौर सहित रहिस अहमद गौरी को प्रवक्ता बनाया गया है। ऐसे ही नितिन बत्रा को सोशल मीडिया प्रभारी एवं रमेश साहू को सह-प्रभारी बनाया गया है।

### दौलत-अमीन बने उपाध्यक्ष, सूर्यकांत-देवेश बने महामंत्री

शहर कांग्रेस की नई टीम में कुल छह उपाध्यक्ष बनाए गए हैं। इनमें दौलत सिंह चंदेल, देवेन्द्र सिंह गरचा, श्रीमती शारदा तिवारी, प्रकाश राठौर, हरिनारायण धकेता और अमीन हुद्दा शामिल हैं। इसके अलावा 12 महामंत्री बनाए गए हैं, जिनमें इकरामुद्दीन सोलंकी, अशोक पंजवानी, सूर्यकांत जैन, महेश यादव, प्रेमरुप चंद्राणी, कुसुम दुबे, देवेश डाकलिया, विनय झा, मनीष गौतम, देवेश वैष्णव, बिरेंद्र चंद्राकर सहित मनीष साहू शामिल हैं।

# युवक की हत्या, आरोपी को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सत्र न्यायालय राजनांदगांव में लंबित छत्तीसगढ़ राज्य विरूद्ध मनीष यादव में आरोपी को आजीवन कारावास एवं 500 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई गई है।

कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से प्राप्त जानकारी के अनुसार 7 जनवरी 2021 की रात्रि में चौखड़ियापारा वैष्णव देवी मंदिर के सामने संजू यदु खड़ा था, अभियुक्त वहीं पर खड़ा था। दोनों के मध्य मामूली वाद-विवाद की स्थिति में आरोपी ने चाकू को निकालकर संजू यदु के छाती पर वार कर दिया। चोंट लगने से संजू यदु की मृत्यु हो गई है। घटना की रिपोर्ट थाना बसंतपुर में दर्ज कराया गया। बसंतपुर थाना द्वारा न्यायालय में अभियोग पत्र पेश किए जाने के उपरांत साक्षियों के कथन अंकित किया गया। न्यायाधीश सत्र न्यायालय विजय कुमार होता द्वारा प्रकरण की सभी परिस्थितयों पर विचार उपरांत अभियुक्त को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के अपराध में आजीवन कारावास एवं 500 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। अभियुक्त द्वारा अर्थदंड अदा न किए जाने पर उसे 1 माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई। प्रकरण में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 395 के अंतर्गत पीड़ित को समुचित प्रतिकर प्रदान किए जाने की अनुशंसा की गई।

समदा
सुपरस्पेशलिटी अस्पताल
NABH मान्यता प्राप्त
दंत रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन
डॉ. दीपिका जैन
बी.डी.एस., एम.डी.एस.
(आर्थोडोंटिक्स एवं डेन्टोफेशियल सर्जन)
एफ.सी.सी.डी. (मुंबई)
प्रतिदिन उपलब्ध
उपलब्ध सुविधाएं
- सिंगल सिटिंग रूट कैनाल ट्रीटमेंट
- टेढ़े-मेढ़े एवं बाहर निकले दांतों का उपचार (मेटल/सिरेमिक ब्रेसेस द्वारा)
- ब्लीचिंग द्वारा दांत सफेद करना
- लेजर/दांत के रंग की फिलिंग
- क्लीयर अलाईनर
- दांत निकालना
- अक्ल दाढ़ निकालना
- फ्रैक्चर जबड़े का ईलाज
- मुंह कम खुलने का उपचार
- इम्प्लांट द्वारा फिक्सड दांत लगाना
- सभी प्रकार के मुंह के कैंसर एवं छाले का उपचार
- बत्तीसी (फिक्सड/निकालने एवं लगाने वाली)
- पायरिया, दांतों की सफाई एवं मसूड़ों की सर्जरी
- डिजिटल एक्स-रे
- एडवांस्ड डेंटल ऑपरेशन थिएटर
- डेंटल लेज़र, डेंटल इम्प्लांट
- फेशियल ट्रामा केयर
अपॉईटमेंट : 07744-356654, 94255-29769
परामर्श समय :- सुबह 10 से शाम 7 बजे तक
बसंतपुर, महामाया चौक, VIP रोड राजनांदगांव (छ.ग.)

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
डॉ. कल्याण श्याम वझलवार
हमारी बाल चिकित्सा देखभाल और सेवाएं
- टीकाकरण
- नेबुलाइजेशन
- ओ.पी.डी. (बाह्य रोगी विभाग)
- आई.पी.डी. (इनपेशेंट विभाग)
- CPAP सतत सकारात्मक वायुमार्ग दबाव चिकित्सा
- वेंटिलेटर
- एन.आई.सी.यू. नवजात गहन चिकित्सा इकाई
- पी.आई.सी.यू. बाल चिकित्सा गहन चिकित्सा इकाई
- बिलीकेयर टेस्ट गैर इनवेसिव बिलीरूबिन मापक
- ओटोअकॉस्टिक एमिशन टेस्ट (OAE)
- नवजात बच्चों की सुनने की क्षमता के लिए जाँचें
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप



### साहू समाज भवन का लोकार्पण

**तुमडीबोड।** ग्राम पेटेश्री मे भक्त माता की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।मुख्य अतिथि विधायक दलेश्वर साहू थे। कार्यक्रम मे जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू, जयश्री साहू, जिपं सदस्य महेन्द्र यादव, किसान नेता गुलाब वर्मा, अमरनाथ साहू, हेमंत साहू, मदन साहू, हेमंत साहू, निर्मला सिन्हा, इन्द्रसेन साहू, नरबद वर्मा, सरपंच सीमा साहू, अनिता यादव शामिल हुई। इस अवसर पर विधायक दलेश्वर साहू के अनुशंसा पर निर्मित साहू समाज भवन का लोकार्पण किया गया। इससे पूर्व ग्राम मे कर्मा माता की शोभायात्रा निकाली गई। सामाजिकजनों ने पूजा आरती किया। बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में रामविलास साहू, दयाराम साहू, अशोक साहू, गोवर्धन साहू, दुष्यंत साहू, गोपाल साहू, ओमप्रकाश साहू आदि मौजूद थे। संचालन उमेश साहू ने किया।

### वार्षिक सम्मेलन आयोजित



**डोंगरगढ़।** आदिवासी कंवर पैकरा समाज ने वार्षिक महासम्मेलन का आयोजन खूबाटोला में 28 एवं 29 मार्च को किया। मुख्य अतिथि कंवर समाज की राष्ट्रीय अध्यक्ष कौशल्या विष्णुदेव साय, विशिष्ट अतिथि विधायक दलेश्वर साहू, पूर्व विधायक, विनोद खांडेकर, जिपं अध्यक्ष किरण वैष्णव थी। अध्यक्षता सरपंच खिलेश्वर यादव ने की। महा सम्मेलन में समाज के प्रदेश अध्यक्ष संतराम दीवान, मानसिंह दीवान, कमलेश चंद्रवंशी, सुकेश्वर दीवान, रामवतार दीवान, अशोक दीवान, सूरज मिरी आदि बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### सड़क पर खड़े वाहनों से परेशानी

**डोंगरगढ़।** शहर के जयस्तंभ चौक से गोलबाजार तक दुकानों और घरों के सामने वाहन खड़े करने से आवाजाही करने में लोगों को बडी परेशानी हो रही है। शोभायात्रा निकलने के दौरान अक्सर विवाद की स्थिति बन जाती है और मार्ग का जाम होना आम बात हो गई है। दुकानदार अपनी दुकान के सामने दो से तीन फुट आगे तक समान रख देते है। वहीं ग्राहक अपनी गाडी खड़ी कर देते हैं। इस मार्ग पर स्थित मकानों के मालिक भी अपने वाहनों को सड़क के किनारे खड़े कर देते है। गोल बाजार के अंदर कुछ व्यापारियो ने दुकान से सामने 4 से 5 फुट तक घेर रखा है। गोल बाजार के अंदर लगभग 40 से 50 फुटकर व्यपारियों ने भी दुकान लगा रखा। यहां चाय, पान, गुपचुप चाट सहित मनिहारी दुकानें लगती है। कई सब्जी वाले भी सडक किनारे बैठ कर सडक को सकरा कर देते है। शाम 4 बजे के बाद से मार्ग से पैदल गुजरना मुश्किल हो जाता है। कई ट्रांसपोर्टर दुकानों में समान खाली करने वाहनों को खड़ा कर देते है। रोजाना आवाजाही के बाधित होने के बाद नगर पालिका, राजस्व विभाग और पुलिस प्रशासन ध्यान नहीं दे रहे हैं।

### जयंती पर सभी ओर दिखा उल्लास और धार्मिक माहौल, हुए विविध आयोजन

# मंदिरों में हुई पूजा, शोभायात्रा में थिरके हनुमान भक्त





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंडई पंडरिया

नगर में हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न हनुमान मंदिरों में पूजा-अर्चना, हनुमान चालीसा का पाठ और भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पंडरिया स्थित श्री कृष्ण मंदिर परिसर में हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में धार्मिक अनुष्ठान किया गया। यहाँ श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद के रूप में खीर-पूरी का वितरण किया गया। सुबह से ही मंदिर में दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा, जहाँ हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ से वातावरण भक्तिमय हो गया। कवर्धा रोड स्थित अनिल अग्रवाल की दुकान के समीप हनुमान मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया। भक्त और स्थानीय युवाओं ने इस आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यहां राहगीरों और श्रद्धालुओं को सब्जी-पूरी, कलिंदर और केले आदि का वितरण किया गया।

### बाजे-गाजे के साथ निकली शोभायात्रा



**डोंगरगांव।** नगर सहित अंचल में श्रद्धा और उल्लास के साथ हनुमान जयंती मनाया गया। जयंती को लेकर सभी ओर हर्षोल्लास का माहौल रहा। शहर में जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। ध्वज पताका और बाजे-गाजे के साथ निकली शोभायात्रा का जयकारों के साथ नगरवासियों ने स्वागत किया। वीर हनुमान के जन्मोत्सव को लेकर मंदिरों में पहले से व्यापक तैयारियां की गई थी। नगर के ऐतिहासिक दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर से सुबह नगर पंचायत की पूर्व अध्यक्ष संध्या साहू के पूजा अर्चना करने के बाद शोभायात्रा निकाली गई जो सदर लाइन, फव्वारा चौक, मुख्य मार्ग, पुराना बस स्टैंड से होते हुए वापस मंदिर पहुंची। मंदिर परिसर में महिलाओं ने सुंदरकांड का पाठ किया। अपरान्ह तीन से छह बजे तक पूजा किया गया। शोभायात्रा में जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, दीना पटेल, रामकुमार गुप्ता, गुलशन हिरवानी, मनोज हेमनानी, अनिल टावरी, दिनेश नखत, राहुल जैन, वैभव महेश्वरी, अमिताभ श्रीश्रीमाल, टीकाराम राजपूत, अमित गांधी, राकेश रत्नाकर, प्रफुल्ल जैन राजा, कोमल साहू, प्रियंक जैन, अभिषेक जैन, सुरेश गुप्ता, योगेश पटेल, अरुण जैन, संतोष यादव, उमाशंकर कुंवर, नवनीत अहीर, मिताली कटकवार, महेश्वरी गंजीर, निर्मला मालेकर, पदमिनी ठाकुर आदि की उपस्थिति रही।

### प्राचीन हनुमान मंदिर में पूजा और अनुष्ठान का आयोजन



**डोंगरगढ़।** भगवान राम के भक्त हनुमान की जयंती के अवसर पर शहर के प्राचीन हनुमान मंदिर सहित क्षेत्र के मंदिरों में पूजा, अनुष्ठान और अभिषेक किया गया। मंदिरों में रामायण पाठ, हनुमान चालीसा, सुंदरकांड एवं राम नाम का जाप किया गया। नीचे मंदिर स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर, महावीर तलाब स्थित मुंछवाले हनुमान मंदिर में अनुष्ठान और मंगल आरती का आयोजन किया गया। हनुमान भक्त समिति ने जयंती के एक दिन पूर्व राम हनुमान की झांकी के साथ शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा में भगवा ड्रेस और पगड़ी पहनकर शौर्य प्रदर्षन किया गया। नीचे हनुमान मंदिर एवं मुंछवाले हनुमान मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया।

### हनुमान जयंती पर रक्तदान शिविर का आयोजन



**छुईखदान।** हनुमान जयंती के अवसर पर युवा शक्ति फाउंडेशन ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। क्षेत्र के युवाओं, नागरिकों ने उत्साहपूर्वक शिविर में शामिल होकर रक्तदान किया। शिविर में कई युवाओं ने पहली बार रक्तदान कर समाज सेवा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया, वहीं पुराने रक्तदाताओं ने भी इस पुण्य कार्य में अपनी भागीदारी निभाई। युवाओं ने न केवल स्वयं रक्तदान किया, बल्कि अन्य को रक्तदान करने प्रेरित किया। इस आयोजन में स्थानीय लोगों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर न केवल रक्तदान किया, बल्कि व्यवस्थाओं में सक्रिय योगदान दिया। स्थानीय पत्रकारों का सहयोग भी उल्लेखनीय रहा। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। शिविर के दौरान रक्तदाताओं के लिए सभी आवश्यक चिकित्सा सुविधाओं एवं सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा गया। रक्तदान करने वालों को संस्था ने सम्मानित किया। अंत में युवा शक्ति फाउंडेशन ने आभार व्यक्त किया।

### गर्मी से राहत दिलाने प्याऊ घर का शुभारंभ



**छुईखदान।** बढ़ते तापमान और पानी की जरूरत को देखते हुए नगर के समाजसेवी संदीप महोबिया ने सराहनीय पहल करते हुए हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर बाजार लाइन में प्याऊ घर की शुरूवात की।इस प्याऊ घर में राहगीरों और बाजार में आने वाले लोगों के लिए ठंडे पेयजल की व्यवस्था की गई है, जिससे उन्हें गर्मी से राहत मिल सके। उद्घाटन के अवसर पर बाजार लाइन के सभी व्यापारी उपस्थित थे। उन्होंने इस जनहितकारी कार्य की सराहना की। कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान के साथ पूजा-पाठ से हुई, जिसे अशोक पंचरत्न ने संपन्न कराया। प्याऊ घर का उद्घाटन भैरीबाई केवटिन ने किया। अंकित महोबिया ने जनसेवा कार्य की सराहना की। युवा पत्रकारों ने कहा कि गर्मी में इस प्रकार की पहल प्रेरणादायक है। श्री महोबिया ने बताया कि गर्मी के दिनों में लोगों को स्वच्छ और ठंडा पानी उपलब्ध कराना बेहद जरूरी है। इसी उद्देश्य से प्याऊ घर की शुरुआत की गई है।

# सबल नेतृत्व से राज्य की सुलझी नक्सली समस्या



**डोंगरगांव।** भाजपा नेत्री हिना जैन ने छत्तीसगढ़ के नक्सल मुक्त होने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में खूनी खेल पर विराम लगेगा और विकास, विश्वास और सुशासन के नए दौर की शुरुआत होगी। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, गृह मंत्री विजय शर्मा के मजबूत नेतृत्व और दृढ़ इच्छाशक्ति को देते हुए कहा कि सभी के समवेत प्रयासों से नक्सलवाद जड़ से खत्म हो सका है। वहीं इस सफलता में सुरक्षाबल के जवानों के अदम्य साहस का भी अभूतपूर्व योगदान रहा है जिसके लिए प्रदेश की जनता सदैव उनकी ऋणी रहेगी। श्रीमती जैन ने कहा कि नक्सलवाद दशकों तक बस्तर, राजनांदगांव सहित अन्य इलाके के विकास में रोड़ा रहा है। उन्होंने उम्मीद जताया कि समूचा छत्तीसगढ़ अब विकास के नए दौर में कदम रखेगा और वनांचल क्षेत्रों में एक बार फिर मांदर की थाप पर थिरकता और खुशी से चहकता जन जीवन नजर आएगा।

# सशक्त राष्ट्र निर्माण ही भाजपा का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव

मंडल भाजपा गैंदाटोला ने पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी ने भाजपा के इतिहास, गौरवशाली पृष्ठभूमि, विचारधारा और अब तक उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

प्रशिक्षण में शामिल कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्री गांधी ने बताया कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं बल्कि एक सतत विकास, दृष्टिकोण और एक आंदोलन है। पार्टी हमेशा से राष्ट्र के वैभव को लौटाते हुए उसके पुनर्निर्माण और सशक्त बनाने की पक्षधर रही है। पार्टी से जुड़े लोगों को इसी लक्ष्य को हासिल करने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने बताया कि संगठन की स्थापना राष्ट्र सेवा, सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा और जनकल्याण की भावना के साथ हुई है जो पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के सिद्धांतों पर आधारित है।

### गरीबों का विकास ही ध्येय

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्री गांधी ने कहा कि भाजपा की विचारधारा सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मूल मंत्र पर आधारित है। पार्टी का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना और समाज के हर वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को अनुशासन, सेवा भाव और संगठन के प्रति समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण महाअभियान का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से मजबूत बनाना है, ताकि वह समाज में पार्टी की नीतियों और योजनाओं को प्रभावी ढंग से पहुंचा सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला भाजपा के पूर्व महामंत्री रविंद्र वैष्णव ने की। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, पूर्व जिपं अध्यक्ष गीता घासी साहू, मनीष त्रिपाठी, खिलेश्वर साहू, हनीश कुरैशी आलोक मिश्रा, विवेक मंडावी आदि मौजूद थे।

### 1443 लाभार्थियों को सब्सिडी का भुगतान

**राजनांदगांव।** जिले में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुक्त बिजली योजना को अभूतपूर्व सफलता मिल रही है। जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के समन्वित प्रयासों ने इस योजना को ग्रामीण स्तर तक पहुंचाकर स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उदाहरण प्रस्तुत किया है। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशों एवं जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह के मार्गदर्शन में माह अक्टूबर 2025 से ही इस योजना ने तीव्र गति पकड़ी। प्रशासन द्वारा सतत मॉनिटरिंग, नियमित समीक्षा और फील्ड स्तर पर किए गए प्रयासों ने इस अभियान को जनआंदोलन का रूप दिया। जिले में अब तक कुल 9078 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 4405 लाभार्थियों ने वेंडर चयन कर लिया है। जबकि 2033 घरों में सौर प्रणाली की स्थापना पूर्ण हो चुकी है। इनमें से 1443 लाभार्थियों को सब्सिडी का भुगतान भी किया जा चुका है। जिससे उन्हें प्रत्यक्ष आर्थिक राहत मिल रही है। योजना से लाभान्वित होने के लिए प्रतिदिन औसतन 25-30 आवेदन प्राप्त हुए और 20 इंस्टॉलेशन किए गए। पिछले माह में 664 नए आवेदन और 449 इंस्टॉलेशन दर्ज किए गए।

# नीतूसिंह बनी वीरांगना की अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़



अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने शपथ ग्रहण एवं होली मिलन समारोह का आयोजन विशाल फैमिली रेस्टोरेंट में रखा। राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतू सिंह के निर्देशानुसार अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा वीरांगना का गठन किया गया।संरक्षक रानी साहिबा कैरोलीन सिंह, भावना सिंह, अध्यक्ष नीति सिंह, उपाध्यक्ष मधु सिंह, सचिव नेहा सिंह राजपूत, कोषाध्यक्ष राणा मोना सिंह है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष सुषमा सिंह थी। अध्यक्षता किरण सिंह ने की। विशिष्ट अतिथि निरीक्षा राठौर, अनामिका सिंह गौतम, अंजू सिंह, थी। नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ महाराणा प्रताप की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस मौके पर सुषमा सिंह ने कहा कि यूजीसी जैसे काले कानून लाकर स्वर्ण समाज के साथ अन्याय किया जा रहा है। समाजों को मतभेद पैदा करने वाले नियम से आपसी फूट बढ़ती है जिसका विरोध करना चाहिए। कार्यक्रम में वीणा सिंह, शशि सिंह, जयनंदिनी सिंह, श्वेता सिंह, दुर्गा ठाकुर, साधना तोमर, सुलोचना सिंह, विभा सिंह, रंजना सिंह, विनीतासिंह, पूजासिंह, वंदना सिंह, शेफाली सिंह, कीर्ति सिंह, सुचित्रा कलचुरी, ममता सिंह, नीलू सिंह, भारती सिंह, चंद्रिका सिंह, लीनासिंह, रूबी सिंह, सुनीता सिंह, श्वेता चौहान, मिताली सिंह, रोशी सिंह आदि उपस्थित थी।

# सज्जाक और सुदीप बने जिला कांग्रेस महामंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईखदान

जिला कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी की घोषणा हो गई है। कार्यकारिणी में अहम जिम्मेदारी देते हुए





सज्जाक खान और सुदीप श्रीवास्तव को महामंत्री नियुक्त किया गया है। दोनों नेताओं को महामंत्री बनाए जाने की खबर मिलते ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच खुशी की लहर दौड़ गई। कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर बधाई दी और पार्टी के फैसले का स्वागत किया। जयस्तंभ चौक में कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर आतिशबाजी किया और मिठाइयां बांटी। गौरतलब है कि सज्जाक खान और सुदीप श्रीवास्तव का वनांचल से लेकर शहरी क्षेत्र तक कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ गहरा जुड़ाव रहा है। श्री खान और श्री श्रीवास्तव क्षेत्र के युवाओं के बीच खासे लोकप्रिय हैं। सामाजिक सहयोग और सक्रियता के कारण ग्रामीण व शहरी दोनों क्षेत्रों में उनकी अच्छी पकड़ है। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कोमल साहू, राजा गिरिराज किशोर दास, रामकुमार पटेल, गजेन्द्र ठाकरे, संजीव दुबे, कमलेश यादव, दीपक वैष्णव, आलोक यादव, कोसन कोसरे, कामदेव ओगरे, मनीष कोचर, आशु भाई, अख्तर सोलंकी, अनुराग सोनी, निलेश गुप्ता, कारण पाल, फरहान खान सहित अन्य उपस्थित थे। कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि नई कार्यकारिणी के गठन से संगठन को मजबूती मिलेगी और आगामी चुनावों में कांग्रेस बेहतर प्रदर्शन करेगी।

# बूथ कमेटी गठन प्रक्रिया तेज



**डोंगरगढ़।** संगठन सृजन अभियान अंतर्गत बुधवार को कनेरी में जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव विष्णु लोधी ने जिला अध्यक्ष विपिन यादव के निर्देशानुसार संगठनात्मक बैठक लिया। बैठक में पंचायत कांग्रेस कमेटी, बूथ कमेटी एवं बीएलए के गठन पर चर्चा की गई। जिला सचिव श्री लोधी ने इस मौके पर संगठन को मजबूत करने के प्रयास की सराहना करते हुए बूथ कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीढ़ बताया। उन्होंने अकहा कि जिला, ब्लॉक, मंडल एवं सेक्टर स्तर पर संगठन के गठन बाद पंचायत और बूथ स्तर पर कमेटियों का गठन कर संगठन को सक्रिय एवं प्रभावी बनाया जा रहा है। कार्यकर्ताओं को जिला अध्यक्ष विपिन यादव, महामंत्री राहुल तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष रमेश उइके ने भी संबोधित किया। बैठक में रामदास चंद्रवंशी,अमित अग्रवाल, परमानंद दमाहे, उत्तम सिन्हा, कलाराम सोनवानी, मदन मंडावी, घनश्याम साहू, चंद्रकांत सिंह, कमलेश चंद्रवंशी, जागेश्वर उइके, भोजराज मंडावी, परमानंद चिंगारी, दामोदर बागड़े, गंगा प्रसाद पटेल, दुर्गेश नंदेश्वर, शुभम आंचले, भूषण डिल्ला, विशेश्वर साहू, ब्रह्माराम कंवर, जोहन कंवर, लालता कुमार, श्यामलाल, सेवक उइके, बिहारी कंवर, कनसराम कंवर, जानाराम, नरसिंह यादव, नरेंद्र तिराले आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### कांग्रेस ने मनाया महंत की जयंती

शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में 1 अप्रैल को नवीन विश्राम भवन में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बिसाहू दास महंत की जयंती मनाई गई। इस दौरान शिशुपाल भारती, धीरज मेश्राम, जितेंद्र भाटिया, विष्णु लोधी, किरण मेश्राम, मतीन खान ने वार्ड अध्यक्ष एवं बूथ गठन पर अपने विचार रखे। संचालन हरीश भंडारी एवं आभार प्रदर्शन निधि गजभिए ने किया। कार्यक्रम में नरेश करसे, अमीन उके, रिम्मी भाटिया, दिनेश साखरे, किशोर अंबादे, बब्बू खान, प्रमोद टेंभुर्णीकर, मनोज साहू, देवेंद्र वाल्दे, बबलू खोबरागड़े, मो सादिक, प्रशांत कांडे, रूपेश मसीह, गणपत रजक, दुलीचंद बडोले, निशा निर्मलकर, रितु निर्मलकर, बबलू शांडिल, ओम प्रकाश महानदी, ललिता सखारे, माया सिंघाड़े, अल्का साखरे, निधि चंद्रिकापुरे, पंकज सोनी, अमन सिंह, केशव टांडी, सारिका बडोले, प्रियंका पूर्ति, रेखा खोबरागड़े ,रामजी तराने, एडविन हैदर, राहुल यादव, कृष्ण गुप्ता, संजीव गुप्ता, सुमित खोबरागड़े, गोपाल वर्मा, प्रजेश सहारे, वीरेंद्र पाल सहित अन्य उपस्थित थे।

### किसानों ने नहीं ली गर्मी में धान की फसल

# मुसराकला को मिली जलसंकट से मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़



गर्मी के दिनों में धान की फसल नहीं लगाने का सार्थक परिणाम मु स रा क ला सहित आसपास की पंचायतों में देखने मिल रहा है। इन पंचायतों में इस साल अब तक जल संकट खड़ा नहीं हुआ है जबकि पूर्ववर्ती साल में गांव में टैंकर से पानी की सप्लाईकर लोगों की प्यास बुझाने की नौबत आ गई थी।

उल्लेखनीय है कि गर्मी के दिनों में धान की फसल लेने से पानी की काफी अधिक जरूरत होती है। बीते कुछ सालों में बहुसंख्यक किसान धान की फसल लेते रहे है। फसल तैयार करने के लिए बोर से लगातार पानी का दोहन होते रहा है जिससे जल स्तर नीचे जाने से गांवों में जलसंकट के हालात बन जाते थे। इस परेशानी को देखते हुए प्रशासन द्वारा धान की फसल के बजाए अन्य फसल बोने के लिए किसानों को लगातार प्रेरित किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार ग्रीष्म काल में उपजने वाले जलसंकट को देखते हुए मु0सरा कला की सरपंच गायत्री शिव टेंभुरकर ने ग्रामसभा की बैठक में ग्रीष्म कालीन धान फसल पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने कहा था। उन्होंने सख्त रूख दिखाते हुए यहां तक कह दिया था कि गर्मी में धान फसल लगाने वाले किसान के बोर कनेक्शन का विद्युत कनेक्शन विच्छेद कर दिया जाएगा। सरपंच के फैसले के बाद ग्रामीणों में हड़कंप मच गया किन्तु कई किसानों ने फैसले का स्वागत किया।

### सरपंच का प्रयास रंग लाया

जानकारी के अनुसार इस साल गांव के किसी भी किसान ने धान की फसल नहीं लगाया है जबकि विगत वर्ष 200 एकड़ में धान का फसल लगाया गया था। आस पास के गांवों के किसानों ने भी धान लगाया था जिसके कारण जल स्तर काफी नीचे चला गया था। मुसराकला सहित कुछ अन्य गांव में जलसंकट खड़ा हो गया है। स्थिति यह आ गई थी कि फरवरी माह में ही पंचायतों को टैंकरों के माध्यम से पानी की सप्लाई करना पड़ा था। इस साल अब तक जलस्तर में खास गिरावट देखने नहीं मिला है। नवरात्रि के समय मुसराकला में कुछ गिरावट महसूस की गई जिसके चलते जल संसाधन विभाग के मुख्य कार्य पालन अभियंता से डॉगोरा बांध से छिपा कोलिहापुरी नदी में पानी छोड़ने का आग्रह किया गया था ताकि पानी की दिक्कत न हो एवं जल स्तर में काफी सुधार हो। स्थिति को देखते हुए विभागीय अधिकारी ने पानी छोड़ने का निर्णय लिया है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### ललित को मिली महामंत्री की जिम्मेदारी

**राजनांदगांव।** ललित कुमरे को जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण में महामंत्री नियुक्त किए जाने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने इस नियुक्ति पर खुशी व्यक्त करते उन्हें शुभकामनाएं दी। वे तीन बार युवक कांग्रेस के ग्रामीण अध्यक्ष रहे, फिर उन्हें किसान कांग्रेस का ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया, जिस पर उन्होंने संगठन के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पार्टी को मजबूत बनाने का काम किया। वे अपना राजनीतिक गुरु जितेंद्र मुदलियार को मानते हैं।निःसंदेह ही पार्टी में उनकी नई जिम्मेदारी में वह खरा उतरेंगे।

### शोभायात्रा में शामिल हुई नारी शक्ति



**राजनांदगांव।** श्री बागेश्वरधाम मंदिर सेविका प्रज्ञा गुप्ता ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव की निकलने वाली भव्य शोभायात्रा में इस समाज धर्मसेवी महिलाओं को शोभायात्रा में शामिल होने का आह्वान किया गया। जिससे बड़ी संख्या में इस वर्ष मातृशक्ति की उपस्थिति हनुमान जन्मोत्सव में रही। नारी शक्ति द्वारा भक्तिमय वातावरण में शोभायात्रा में उत्साह के साथ जयश्री राम के नारे लगाए। साथ ही श्री हनुमान के भगवा ध्वज लहराए जा रहे थे। शोभायात्रा में शामिल नारी शक्तियों का श्री हनुमान जयंती आयोजन समिति के झम्मन देवांगन, राजेन्द्र यादव, प्रज्ञा गुप्ता, संगीता शुक्ला, मोना गोसाई, साविता बोस द्वारा आभार व्यक्त किया गया है। शोभायात्रा में संगीता शुक्ला, मोना गोसाई, ज्योति खंडेलवाल, छंदा साहा, ममता सोनी, स्वीटी शर्मा, सविता बोस, ऋतु रायजादा, बबीता शर्मा, पम्पा सिन्हा, सुशीला देवांगन, अंजू अहिरवार, मीना यादव आदि बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

### शोभायात्रा में महिलाओं ने बांटी शरबत



**राजनांदगांव।** समाजसेवी महिलाओं ने कस्तूरबा महिला मंडल के बैनर तले श्री हनुमान जन्मोत्सव शोभायात्रा के दौरान शोभायात्रियों की श्रद्धा एवं भक्तिभाव सहित खूब स्वागत-सत्कार किया। इस दौरान कस्तूरबा महिला मंडल की अध्यक्ष अलका जानी के नेतृत्व में समाजसेवी महिलाओं ने शोभायात्रियों को शीतल पेय पदार्थ गुलाब और संतरे का शर्बत पिलाकर सेवा करते जय-जय श्रीराम व जय-जय हनुमान के नारे लगाए। इस दौरान कस्तूरबा महिला मंडल की संरक्षिका शारदा तिवारी, सरस्वती माहेश्वरी, सचिव साधना तिवारी, कोषाध्यक्ष आशा गुप्ता सहित रेखा सिंगी, प्रज्ञा गुप्ता, साधना खंडेलवाल, जनकबाई गुप्ता, लक्ष्मी गुप्ता आदि समाजसेवी महिलाएं उपस्थित थी। उक्ताशय की जानकारी कस्तूरबा की सचिव साधना तिवारी द्वारा दी गई।

### आयोजन समिति ने जताया आभार

**राजनांदगांव।** हनुमान जन्मोत्सव आयोजन समिति जयस्तंभ चौक द्वारा शहर में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर राम भक्त हनुमान की शोभायात्रा निकाली गई। समिति के सदस्यों ने शहर के सभी संभ्रांत नागरिकों का, सामाजिक संस्थाओं का, पुलिस, जिला व निगम प्रशासन का आभार व्यक्त किया। भजन मंडलियों का शोभायात्रा में हर मुख्य मार्ग पर गली-चौराहे पर स्टॉल लगाकर शोभायात्रा का स्वागत किया गया, इसके लिए आभार व्यक्त किया गया।

---

साहित्यिक संगोष्ठी एवं काव्यपाठ कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साहित्यकारों की रही उपस्थिति

# साहित्यिक, सांस्कृतिक चेतना का केंद्र है राजनांदगांव

## बाज के गीत अउ दूसर कहानी का अतिथियों ने किया विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

साकेत साहित्य परिषद सुरगी के 27 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 01 अप्रैल को प्रेस क्लब राजनांदगांव में साहित्यिक संगोष्ठी, पुस्तक विमोचन एवं काव्य पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. जयप्रकाश साव सुप्रसिद्ध साहित्य समालोचक दुर्ग एवं अध्यक्षता साहित्यकार डॉ. दादूलाल जोशी ने किया। विशिष्ट अतिथि विनोद साव, संजीव तिवारी उपस्थित रहे।

आयोजन के प्रथम सत्र में श्री कुबेर द्वारा संकलित व संपादित, छत्तीसगढ़ के महान संगीतकार खुमानलाल साव पर केंद्रित कृति 'स्मृतियों के सुवासित पुष्प', स्व. यशवंत द्वारा लिखित आलोचनात्मक पुस्तकें 'कुबेर की रचनाओं में समकालीनता एवं समकालीन समीक्षा दृष्टि' व 'आलोचना का मापदंड-हत्या' तथा साहित्कार श्री कुबेर द्वारा महान रूसी साहित्यकार मैक्जिम गोर्की की कहानियों के छत्तीसगढ़ी अनुवाद की पुस्तक 'बाज के गीत अउ दूसर कहानी' का अतिथियों द्वारा विमोचन किया गया।

### मैक्जिम गोर्की की कहानियों का अनुवाद

श्री कुबेर द्वारा मैक्जिम गोर्की की कहानियों का छत्तीसगढ़ी अनुवाद 'बाज के गीत अउ दूसर कहानी' के महत्व को रेखांकित करते डॉ. जयप्रकाश ने कहा कि यह कृति और श्री कुबेर द्वारा अनूदित अन्य कृतियां छत्तीसगढ़ी साहित्य की अनुवाद परंपरा में मील के पत्थर हैं। डॉ. जयप्रकाश ने कहा कि यशवंत एक प्रतिभा संपन्न और सशक्त समालोचक के रूप में उभर रहे थे। उनकी विमोचित पुस्तकें 'कुबेर की रचनाओं में समकालीनता एवं समकालीन समीक्षा दृष्टि' व 'आलोचना का मापदंड - हत्या' को पढ़कर उनकी आलोचनात्मक प्रतिभा और दृष्टि को समझा जा सकता है।



### कविताएं लिखने से छत्तीसगढ़ी भाषा नहीं बन सकती

सुप्रसिद्ध साहित्य समालोचक डॉ. जयप्रकाश ने कहा कि जिस प्रकार उत्तरप्रदेश में इलाहाबाद और मध्यप्रदेश में जबलपुर साहित्यिक सांस्कृतिक चेतना का केंद्र है, उसी प्रकार छत्तीसगढ़ में साहित्यिक सांस्कृतिक चेतना का केंद्र राजनांदगांव है। डॉ. जयप्रकाश ने कहा कि मात्र कहानी, कविताएं और उपन्यास लिखने से छत्तीसगढ़ी भाषा नहीं बन सकती, जब तक कि साहित्य की अन्यान्य विधाओं के साथ ही कानून, विज्ञान, अर्थशास्त्र जैसी अध्ययन-अध्यापन के सभी विषयों तथा पत्रकारिता के क्षेत्र में लेखन कार्य नहीं किया जाता।

### खुमान साव के व्यक्तित्व पर डाला प्रकाश

विनोद साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ी साहित्य में अपनी विभूतियों के व्यक्तित्व और कृतित्व पर शोध और लेखन की कोई परंपरा नहीं है। संजीव तिवारी ने विभिन्न संस्मरणों द्वारा श्रद्धेय खुमान साव के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. दादूलाल जोशी ने कहा कि स्व. यशंवत की कृतियों को प्रकाशित करवाकर कुबेर ने अपनी मित्रता निभाई है। साकेत साहित्य परिषद सुरगी के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। प्रथम सत्र का संचालन लखनलाल साहू एवं आभार व्यक्त राजकुमार चौधरी ने किया।

### दूसरे सत्र में काव्य पाठ का आयोजन

आयोजन के दूसरे सत्र में रोशनलाल साहू के संचालन में कवियों द्वारा काव्यपाठ किया गया। कार्यक्रम में कुबेर सिंह साहू, ओमप्रकाश साहू अंकुर, वीरेंद्र बहादुर सिंह, मुन्ना बाबू, दर्वेश आनंद, गजेन्द्र हरिहारनो, वीरेन्द्र कुमार तिवारी, महेन्द्र बघेल, लखनलाल साहू, राजकुमार चौधरी, डॉ. इकबाल खान, जितेन्द्र पटेल, डॉ. दीनदयाल साहू, डॉ. चंद्रशेखर शर्मा, पद्मलोचन शर्मा, अखिलेश्वर प्रसाद मिश्रा, गिरीश ठक्कर, सचिन निषाद, अलखराम यादव, नंदकुमार साहू, पवन यादव, फकीर प्रसाद साहू, थंगेश्वर साहू, अखिलेश तिवारी, डॉ. पदमा साहू, हर्षा देवांगन, सुषमा शुक्ला, शंतूराम गंजीर, डोहर दास साहू, गायत्री साहू, चंचल साहू, रश्मि साहू, डॉ. अमित गुप्ता, एके द्विवेदी, डीआर सिन्हा, आनंदराम सार्वा, रोशनलाल साहू, रूपल साहू, आरआर पटेल, शरद श्रीवास्तव, दूजराम साहू सहित अन्य लोग शामिल थे। अंत में साकेत साहित्य परिषद सुरगी के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू ने प्रेस क्लब राजनांदगांव के अध्यक्ष सचिन अग्रहरि व समस्त पदाधिकारियों सहित आयोजन में उपस्थित साहित्यकारों का आभार व्यक्त किया।

---

# कॉलेज में एलुमिनी बैठक आयोजित

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय कॉलेज के कम्प्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशन विभाग में 24 मार्च को प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन तथा विभागाध्यक्ष प्रो. राजू खूंटे के मार्गदर्शन में एलुमिनी बैठक का सफल आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य पूर्व छात्रों और विभाग के बीच समन्वय स्थापित करना था।

कार्यक्रम में कम्प्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशन विषय से उत्तीर्ण ऐसे अनेक छात्र-छात्राएं शामिल हुए, जो वर्तमान में देश के विभिन्न क्षेत्रों और प्रतिष्ठित संस्थानों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। पूर्व छात्रों ने वर्तमान विद्यार्थियों के साथ अपने कार्यक्षेत्र के अनुभव साझा किए और विभाग की उन्नति पर चर्चा की।

इस अवसर पर विभाग के विभागाध्यक्ष राजू खूंटे, सभी अतिथि व्याख्याता एवं तकनीशियन नरेंद्र वर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने पूर्व छात्रों की उपलब्धियों की सराहना की और भविष्य के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन अतिथि व्याख्याता प्रियंका साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में अतिथि व्याख्याता रोहणी समरीत द्वारा सभी एलुमिनी का आभार व्यक्त किया गया।

# पानी टंकी लगाने, टैंकर से रोज सप्लाई के निर्देश

- आंदोलन के बाद नया ढाबा पहुंचे मेयर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वार्ड नं. 4 के नया ढाबा में पानी की समस्या पर महापौर मधुसूदन यादव, नगर निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा सहित तकनीकी अधिकारियों के साथ पेयजल प्रभावित स्थल में जाकर नागरिकों से रूबरू हो, उनसे पेयजल समस्या के संबंध में चर्चा कर निराकरण हेतु अधिकारियों को वैकल्पिक व्यवस्था करने निर्देशित किया। महापौर श्री यादव से नया ढाबा वासियों ने कहा कि नल में पर्याप्त पानी नहीं आता है। टैंकर से पानी सप्लाई की जाती है। कुछ दिनों से नियमित टैंकर भी नहीं आ रहा है। महापौर ने तकनीकी अधिकारियों से कहा कि पानी समस्या निवारण हेतु प्रभावित क्षेत्र में सिंटेक्स टंकी लगाएं तथा उसमें टैंकर के माध्यम से नियमित रूप से पानी भरे। जिससे प्रभावित क्षेत्रवासियों को पर्याप्त पानी मिल सके। उन्होंने पंचायत भवन के पास बोर खनन के निर्देश दिए तथा बरबट्टी कुंआ से पंप के माध्यम से नया ढाबा वासियों को जल प्रदाय करने कहा। इसके अलावा प्रभावित क्षेत्र में टैंकर से भी पेयजल आपूर्ति करने कहा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की वैकल्पिक व्यवस्था से पानी समस्या का निराकरण हो सकेगा।



### अफसरों को दिए निर्देश

उन्होंने मोटर प्रतिपालन विभाग के प्रभारी से कहा कि सभी टैंकर दुरूस्त रखकर वार्डों में लगे सिंटेक्स टंकी को समय-समय पर भरे, आवश्यकता अनुसार टैंकर से पानी सप्लाई करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि कम पानी आने या पानी नहीं आने की शिकायतों को गंभीरता से लेकर प्राथमिकता से उसका समाधान करें।

### हैंडपंपों की होगी मरम्मत

महापौर श्री यादव ने अधिकारियों से कहा कि अपने-अपने प्रभावित वार्ड में पेयजल समस्या वाले क्षेत्रों को चिन्हांकित कर सिंटेक्स टंकी या टैंकर के माध्यम से पानी सप्लाई करें। टंकी पूरी भरने के पश्चात ही वाल्व खोले, पानी का अपव्यय न हो इसका विशेष ध्यान रखे, वार्डों के हैंडपंपों का आवश्यकतानुसार मरम्मत करें।

# बुजुर्ग ने फांसी लगाकर दी जान, पसरा मातम

**गंडई पंडरिया।** नगर के वार्ड 7 निवासी 60 वर्षीय बुजुर्ग ने अपने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही शोक की लहर दौड़ गई है। जानकारी के अनुसार मृतक उमेददास मानिकपुरी कुछ दिन पूर्व ही किसी कार्य से दूसरे गांव गया था। वह 30 मार्च को शाम लगभग 4 बजे घर लौटा था। परिजनों ने बताया कि घर लौटने के बाद वह काफी खुश थे और उन्होंने काफी समय अपने नाती-पोतों के साथ बिताया। इसके बाद उन्होंने परिवार के साथ खाना भी खाया।



सब कुछ सामान्य लग रहा था, लेकिन इसी दिन रात्रि लगभग 7 से 8 बजे के बीच अज्ञात कारणों के चलते उमेद दास ने मयार में टेंट बांधने वाली रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। जानकारी के अनुसार, मृतक के दो बेटे थे, जिनमें से एक का पूर्व में निधन हो चुका है। वर्तमान में उमेद दास अपने दूसरे बेटे, दो बहु और पोते-पोतियों के साथ रहते थे। अचानक घटी इस घटना के पीछे के कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है। बरहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कम्प्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशन विभाग में पालक-शिक्षक बैठक

- विभागाध्यक्ष की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय दिग्विजय कॉलेज में गत दिनों कम्प्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशन विभाग में प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन में पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक कम्प्यूटर साइंस विभाग के विभागाध्यक्ष राजू खूंटे की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

इस अवसर पर कम्प्यूटर साइंस विभाग के विभागाध्यक्ष राजू खूंटे सहित सभी अतिथि व्याख्याता प्रियंका दास, रोहिणी समरीत, पुरुषोत्तम केवट, मोनिका निषाद, प्रियंका साहू और भूमिका वैष्णव उपस्थित थे।



### समस्याओं पर विस्तार से चर्चा

बैठक का मुख्य उद्देश्य पालकों और शिक्षकों के बीच समन्वय स्थापित कर विद्यार्थियों के शैक्षणिक भविष्य को बेहतर बनाना था। कार्यक्रम का संचालन करते प्रो. राजू खूंटे ने बैठक के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। बैठक के मुख्य बिंदु पर प्रकाश डाला गया। शैक्षणिक चर्चा, विद्यार्थियों की पढ़ाई, समय-सारिणी और नए पाठ्यक्रमों से संबंधित समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के अंत में पालकों ने भी अपने विचार साझा किए और विभाग की इस पहल की सराहना की।

# तथ्य ही इतिहास के सत्य को जागृत करते हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा आयोजित व्याख्यान माला में मुख्य वक्ता के रूप में छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ इतिहासकार डॉ. रमेन्द्रनाथ मिश्र ने कहा कि तथ्य ही इतिहास के सत्य को जागृत करते हैं।

कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रभारी प्राचार्य डॉ. अनिता महेश्वरी तथा डॉ. शैलेन्द्र सिंह द्वारा डॉ. मिश्र का स्वागत किया गया। डॉ. मिश्र का परिचय प्रस्तुत करते डॉ. शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि छत्तीसगढ़ के इतिहास लेखन में डॉ. मिश्र का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के इतिहास को क्रमबद्ध एवं तथ्यपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया है। डॉ. मिश्र द्वारा सन 1998 में लिखित उनकी पुस्तक छत्तीसगढ़ का इतिहास इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कृति है।

उनके मार्गदर्शन में साठ से अधिक शोधार्थी पीएचडी पूर्ण कर चुके हैं। डॉ. सिंह ने बताया कि डॉ. मिश्र ने छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति, परंपरा एवं इतिहास पर भी व्यापक लेखन किया है। जिससे प्रदेश के सांस्कृतिक वैभव और गौरव को समझना सरल हो जाता है।

डॉ. मिश्र ने बताया कि वर्तमान छत्तीसगढ़ क्षेत्र प्राचीनकाल में दक्षिण कौशल, महाकौशल एवं महाकांतार जैसे नामों से जाना जाता था। सन 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में वीरनारायण सिंह ने महत्वपूर्ण नेतृत्व किया। 20वीं सदी में पं. सुंदरलाल शर्मा तथा ठाकुर प्यारेलाल सिंह जैसे नेताओं ने राष्ट्रीय आंदोलन को सशक्त बनाया। उन्होंने कहा कि सन 1920 में महात्मा गांधी का कंडेल नहर सत्याग्रह के संदर्भ में आगमन इस क्षेत्र की जन-जागरूकता का प्रमाण है। छत्तीसगढ़ की जनता ने असहयोग आंदोलन, सविनय अवज्ञा आंदोलन, भारत छोड़ो आंदोलन, व्यक्तिगत सत्याग्रह एवं जंगल सत्याग्रह में सक्रिय सहभागिता निभाई।

इस अवसर पर डॉ. हरनाम सिंह अलरेजा, प्रो. विकास कांडे, डॉ.अजय शर्मा, प्रो. हेमलता साहू सहित एमए इतिहास एवं एमएससी रसायन के विद्यार्थी उपस्थित थे।



### स्वतंत्रता जनता के संघर्ष का परिणाम

कार्यक्रम का संचालन करते प्रो. हिरेन्द्र बहादुर ठाकुर ने कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति भारत की जनता के दीर्घकालीन संघर्ष का परिणाम है। जिसमें छत्तीसगढ़ का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में कुल 14 रियासतें थी और इन रियासतों में भी स्वतंत्रता आंदोलन का प्रभाव स्पष्ट रूप से देखा गया।

---

## युगांतर में विद्यार्थियों का हुआ भव्य स्वागत

# युगांतर में नए सत्र की प्रभावी शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

युगांतर पब्लिक स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2026-2027 का शुभारंभ उत्साह और उमंग के साथ किया गया। विशेष रूप से कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए प्रथम दिवस को यादगार बनाने विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसी तरह कक्षा प्री-नर्सरी से 8वीं तक के विद्यार्थियों के लिए कई रोचक एक्टिविटीज आयोजित हुई। कार्यक्रम की यह विशेषता रही कि शिक्षकों ने स्वयं बच्चों की तरह मॉर्निंग असेंबली प्रस्तुत की। जिसमें विद्यार्थियों का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य मधुसूदन नायर का स्वागत संदेश भी विद्यार्थियों तक पहुंचाया गया। जिससे नए सत्र की सकारात्मक शुरूआत हुई। विद्यालय ने यह सुनिश्चित किया कि वरिष्ठ कक्षाओं के विद्यार्थी भी बचपन की खुशी और उत्साह से वंचित न रहें। इसी उद्देश्य से दिनभर मनोरंजक एवं उल्लासपूर्ण गतिविधियां आयोजित की गई। शिक्षकों ने विद्यार्थियों के साथ मिलकर अंताक्षरी में भाग लिया। जिससे शिक्षक-विद्यार्थी संबंध और अधिक सुदृढ़ एवं आत्मीय बने। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों ने टग ऑफ वार तथा स्पून-मार्बल रेस जैसी खेल गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



### संगीत व खेल का संगम

कार्यक्रम के दौरान संगीत और खेल का अद्भुत संगम देखने को मिला। अंताक्षरी के माध्यम से कई नई सुरीली प्रतिभाएं सामने आई। नए प्रवेशित विद्यार्थियों ने भी वरिष्ठ विद्यार्थियों के साथ मिलकर इस आयोजन का भरपूर आनंद लिया और वे विद्यालय के वातावरण से सहज रूप से जुड़ गए। यह आयोजन विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर के मार्गदर्शन में कंचन सोहल, वंदना सिंह, दीप्ति बिंदल, श्वेता मूंदड़ा एवं दीपांक्षा शर्मा द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। विद्यालय की प्रबंध समिति ने भी विद्यार्थियों के पुनरागमन पर हर्ष व्यक्त करते सभी को नए सत्र की शुभकामनाएं प्रेषित की। कुल मिलाकर सत्र का प्रथम दिवस अत्यंत उत्साहपूर्ण, आनंददायक एवं प्रेरणादायक रहा।

# दीपशिखा बनीं सब-इंस्पेक्टर

**राजनांदगांव।** शहर के चिखली क्षेत्र निवासी दीपशिखा सिन्हा ने अपनी कड़ी मेहनत, लगन और परिवार के सहयोग से सितारों वाली पुलिस की वर्दी पाने का सपना साकार किया है। उसके सब-इंस्पेक्टर की ट्रेनिंग से वापस लौटने पर परिजनों और शुभचिंतकों ने जमकर उत्साह मनाया।

दीपशिखा के पिता भोलाराम सिन्हा माली का कार्य करते हैं और उन्होंने कठिन परिस्थितियों में मेहनत कर अपनी बेटी को इस मुकाम तक पहुंचाया। दीपशिखा की इस उपलब्धि से उनका पारिवार गौरान्वित है। दीपशिखा के पिता कहते हैं कि पुलिस की वर्दी के लिए उनकी बेटी ने काफी मेहनत किया। वह रात-दिन एक करके पढ़ाई करती थी। उन्होंने कहा कि जिस तरह उनकी बेटी ने परिवार का नाम रोशन किया है, इस तरह देश सेवा में भी गौरव हासिल करे।



### शारीरिक दक्षता महत्वपूर्ण

दीपशिखा के व्यायाम शिक्षक शैलेन्द्र तिवारी ने बताया कि प्रतियोगी परीक्षाओं में पढ़ाई के साथ-साथ शारीरिक दक्षता भी बेहद जरूरी होती है। दीपशिखा ने पढ़ाई के साथ नियमित फिजिकल ट्रेनिंग पर भी पूरा ध्यान दिया। जिससे उन्हें यह सफलता मिली है।

### धैर्य, लक्ष्य से मिली सफलता

दीपशिखा सिन्हा ने बताया कि वर्ष 2018 से लगातार वह प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही थी। आर्थिक और सामाजिक चुनौतियों के बावजूद उन्होंने अपने लक्ष्य से कभी ध्यान नहीं हटाया। लगातार मेहनत और धैर्य के बल पर उन्होंने इस सफलता को हासिल किया है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को देते हुए कहा कि उनके सहयोग, त्याग और मार्गदर्शन के बिना यह संभव नहीं हो पाता।

## सार समाचार

### नवोदय में आराध्या का चयन



**राजनांदगांव।** ग्राम बरगा की आराध्या सहारे का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए हुआ है। आराध्या शुरू से ही पढ़ाई मे होशियार और मेधावी छात्रा रही है। वह सरस्वती शिशु मंदिर मुसरा में अध्ययनरत है। आराध्या ने अपनी मम्मी कविता सहारे से प्रेरणा लेकर एवं मार्गदर्शन में नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त की। आराध्या सहारे के पापा अखिलेश सहारे एवं परिवार के सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते बधाई दी।

### नक्सलमुक्त प्रदेश का सपना हुआ सच : ऋषिदेव



**राजनांदगांव।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के दृढ़ नेतृत्व में भाजपा सरकार ने दशकों पुराने नक्सलवाद का अंततः पूर्ण अंत कर दिया। जवानों की मेहनत और सैकड़ों लोगों की शहादत के बाद अब पूरा प्रदेश भयमुक्त हो चुका है। आज छत्तीसगढ़ के इतिहास में स्वर्णिम दिवस है। आजादी के बाद से चले आ रहे लाल आतंक का छत्तीसगढ़ में पूर्णतः समाप्ति हो गया है। उक्त बातें जिला भाजपा मंत्री ऋषिदेव चौधरी ने जारी विज्ञप्ति में कही। ऋषिदेव चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के "नक्सल मुक्त भारत-2026" के संकल्प को चरणबद्ध तरीके से पूरा करते छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने आज यह ऐतिहासिक लक्ष्य हासिल कर लिया। अब छत्तीसगढ़ के किसी भी कोने में नक्सलियों का कोई संगठित अस्तित्व नहीं बचा है। श्री चौधरी ने आंकड़ों सहित विस्तार से बताते कहा कि 2,700 से ज्यादा नक्सलियों ने हथियार डाले और मुख्यधारा में शामिल हुए। 2000 से ज्यादा नक्सली गिरफ्तार किए गए। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल सुरक्षा बलों का नहीं, बल्कि विकास का भी था।

### जनदर्शन में प्राप्त आवेदन पर की गई त्वरित कार्रवाई

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। जिससे आवेदकों को समयबद्ध तरीके से राहत मिल सके। इसी कड़ी में वार्ड क्रमांक 17 कुर्मीपारा महासमुंद निवासी संतोष कुमार साहू साप्ताहिक जनदर्शन में उनके पैतृक कृषि भूमि के अभिलेखों पर संतोष कुमार साहू के स्थान पर उनका प्रचलित नाम प्रीतम साहू दर्ज हो गया है। जिससे उन्हें लगातार समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में संतोष कुमार साहू ने 25 फरवरी 2026 को साप्ताहिक जनदर्शन में आवेदन किया था। जनदर्शन में प्राप्त आवेदन पर संबंधित विभाग द्वारा तत्काल आवश्यक कार्रवाई की गई। आवेदन की आवश्यक जांच एवं प्रक्रिया पूर्ण कर नाम संशोधन किया गया। इसे छत्तीसगढ़ राजपत्र में भी प्रकाशित कर दिया गया। इससे महासमुंद निवासी संतोष कुमार साहू के समस्या का पूर्ण समाधान हो गया है। कलेक्टर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जनदर्शन में प्राप्त सभी आवेदनों का त्वरित, पारदर्शी और नियमानुसार निराकरण सुनिश्चित की जाए, ताकि प्रत्येक नागरिक को समय पर न्याय और समाधान मिल सके।

### भारत ने दिया मजबूती का संदेश : राजपूत



**राजनांदगांव।** विपरीत वैश्विक परिस्थितियों के बीच केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल एवं डीजल पर उत्पाद शुल्क (एक्साइज ड्यूटी) में कमी किए जाने के निर्णय का जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने स्वागत करते इसे आमजन को राहत देने वाला ऐतिहासिक एवं जनहितकारी कदम बताया है। श्री राजपूत ने कहा कि आज जब पूरी दुनिया आर्थिक चुनौतियों और वैश्विक संकटों से जूझ रही है, ऐसे समय में भारत सरकार ने अपने नागरिकों के हित को सर्वोपरि रखते यह साहसिक निर्णय लिया है। इससे न केवल आम जनता को महंगाई से राहत मिलेगी, बल्कि परिवहन लागत में कमी आने से समग्र अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह निर्णय इस बात का स्पष्ट संकेत है कि भारत किसी भी विपरीत परिस्थितियों से घबराने वाला नहीं है, बल्कि मजबूती और आत्मविश्वास के साथ चुनौतियों का सामना करते निरंतर आगे बढ़ने वाला राष्ट्र है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ने हर संकट को अवसर में बदलने की क्षमता दिखाई है और यह निर्णय उसी दिशा में एक और सशक्त कदम है।

### आयुष का नवोदय विद्यालय में चयन



**राजनांदगांव।** ग्राम भोथीपारखुर्द (नयापारा) निवासी स्व. रामलाल साहू (राजू) के सुपुत्र आयुष साहू का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ है। आयुष देवनलाल साहू का पोता है। आयुष शिक्षक गुणाराम चंदेल गुमानपुर (मुढीपार) के मार्गदर्शन में निःशुल्क ऑनलाइन पढ़ाई कर यह सफलता अर्जित किया है। आयुष वर्तमान में स्वामी विवेकानंद विद्यालय कोटराभाठा सुरगी में कक्षा 5वीं में अध्ययनरत है। आयुष का चयन होने पर शिक्षक गुणाराम चंदेल, शिक्षकों सहित ग्रामवासियों ने शुभकामनाएं दी है।

### भाजपा विधि प्रकोष्ठ के मनोज बने संयोजक



**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से भारतीय जनता पार्टी के विधि प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ की जिला संयोजक, सह संयोजक की घोषणा की गई है। जिसमें राजनांदगांव जिले के संयोजक मनोज चौधरी, सह संयोजक सुधांशु जोशी, अनिल फुटान नियुक्त किए गए है। उनकी नियुक्ति पर बधाईयां प्रेषित की गई है।

### महापौर ने किया डस्टबिन का वितरण

**राजनांदगांव।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 में उच्च स्थान प्राप्त करने नगर निगम द्वारा सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं।



जिसके तहत प्रतिदिन साफ-सफाई कर कचरा उठाया जा रहा है। नागरिकों को स्वच्छता से जोड़ने फीडबेक लिया जा रहा है। स्वच्छता की कड़ी में वार्ड नं. 1 व 2 में महापौर मधुसूदन यादव ने घर-घर डस्टबिन रखने वार्डवासियों को नगर निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह समेत सावन वर्मा, डिलेश्वर साहू, संदीप बघेल, कमलेश बंधे व राजेश मिश्रा की उपस्थिति में डस्टबिन का वितरण किया। इस अवसर पर महापौर ने वार्डवासियों से साफ-सफाई बरतने व स्वच्छता अपनाने अपील की। डस्टबिन वितरण कर महापौर श्री यादव ने कहा कि इस वर्ष के स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए नगर निगम का अमला युद्ध स्तर पर कार्य कर रहा है। सड़कों, गलियों व नालियों की सफाई के साथ-साथ सार्वजनिक स्थल, चौक-चौराहों की भी विशेष सफाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि गत सप्ताह राज्य की सर्वेक्षण टीम आकर शहर में सफाई का सर्वे किए हैं और आगामी दिनों में केन्द्रीय टीम भी आने वाली है। जिसके लिए हम सबको तैयारी करनी है।

उन्होंने कहा कि स्वच्छता सिर्फ प्रशासन से ही संभव नहीं है। उसमें आम लोगों की सहभागिता भी आवश्यक है। आज आपके वार्ड में डस्टबिन का वितरण किया जा रहा है। प्रभारी सदस्य सावन वर्मा ने भी वार्डवासियों से डस्टबिन का उपयोग कर गीला-सूखा कचरा अलग-अलग देने अपील की। इस अवसर पर वार्डवासियो ने डस्टबिन के लिए आभार व्यक्त कर वार्ड एवं शहर को साफ रखने में सहयोग करने महापौर को आश्वासन दिया। डस्टबिन वितरण के दौरान निगम का स्वास्थ्य अमला एवं वार्डवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## सीएसईबी का अमला डोर टू डोर कर रहा संपर्क

# समाधान योजना : 4 जिलों के 12 हजार 519 बकायेदारों को मिली बिल में राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना 2026 के अंतर्गत राजनांदगांव क्षेत्र में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों और किसानों को बिजली बिलों के बोझ से मुक्त करने का अभियान युद्धस्तर पर जारी है।

इस योजना के तहत राजनांदगांव, कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई और मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिलों के कुल 12,519 उपभोक्ताओं को अब तक मूल बकाया राशि और अधिभार (सरचार्ज) में भारी छूट का लाभ प्रदान किया जा चुका है। समाधान योजना का मुख्य उद्देश्य गरीबीरेखा के नीचे (बीपीएल) जीवनयापन करने वाले निम्नदाब घरेलू उपभोक्ताओं और कृषि श्रेणी के उपभोक्ताओं को राहत पहुंचाना है। इस पहल से न केवल किसानों की आर्थिक स्थिति सुधरेगी, बल्कि बकाया बिलों के कारण रूकी हुई बिजली सेवाओं को पुनः सुचारू करने में भी मदद मिल रही है।




### 66 वितरण केंद्रों में शिविर

विद्युत विभाग द्वारा इस योजना का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने के लिए 4 जिलों के 66 वितरण केंद्रों में विशेष समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही विभाग की टीमें घर-घर जाकर उपभोक्ताओं को योजना की पात्रता और छूट की प्रक्रिया के बारे में जागरूक कर रही है। विभाग का लक्ष्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर शत-प्रतिशत पात्र उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करना है।

### बड़ी संख्या में जुड़ रहे बकायेदार

योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से अब तक चारों जिलों में बड़ी संख्या में बकायेदार लोग जुड़ रहे हैं। जिसमें कबीरधाम जिला में 9,143 उपभोक्ता, राजनांदगांव जिला में 1,570 उपभोक्ता, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 1,081 उपभोक्ता और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 725 उपभोक्ताओं ने इस योजना लाभ उठाया है।

### 30 जून अंतिम तिथि

राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाएं। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ लेने की अंतिम तिथि 30 जून 2026 निर्धारित की गई है। उपभोक्ता अपने नजदीकी विद्युत वितरण केंद्र या विभाग द्वारा विशेष रूप से आयोजित शिविरों में संपर्क कर अपना समाधान प्राप्त कर सकते हैं। यह योजना उन उपभोक्ताओं के लिए एक बेहतरीन अवसर है, जो पुराने बिजली बिलों के कारण आर्थिक दबाव महसूस कर रहे हैं। हम चाहते हैं कि अधिक से अधिक लोग शिविरों में पहुंचकर अपनी बकाया राशि का निपटारा करें और भविष्य में निर्बाध बिजली सेवा का लाभ उठाएं।

## किराया में निवासरत परिवारों को मिला आवास



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

देश के प्रत्येक परिवार के सिर पर पक्की छत हो, इस सोच को साकार करने प्रधानमंत्री आवास योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

पात्र हितग्राहियों को महापौर मधुसूदन यादव एवं नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा के निर्देश पर 1 अप्रैल को नगर निगम सभागृह में अपर कलेक्टर सीएल मारकंडे, नगर निगम आयुक्त श्री विश्वकर्मा सहित शैंकी बग्गा, आलोक श्रोती, सुषमा साहू, राकेश नंदे, राजेश तिवारी की उपस्थिति में लाटरी के माध्यम से 21 पात्र हिग्राहियों को आवास का आबंटन किया गया। जिसमें मोहारा में निर्माणाधीन 870 आवास में 15, रेवाडीह में निर्माणाधीन 258 अपूर्ण आवास में 6, इस प्रकार कुल 21 आवेदको के स्वयं के आवास का सपना साकार हुआ। पूर्व में 236 पात्र हितग्राहियों को आवास आबंटन कर योजना का लाभ दिया गया है।

## संपत्तिकर भुगतान के लिए दी एक माह की विशेष छूट

**राजनांदगांव।** नगर निगम द्वारा वित्तीय वर्ष की समाप्ति अर्थात 31 मार्च तक करो का भुगतान करने पर किसी प्रकार का अधिभार नहीं लिया जाता है। आम नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते छत्तीसगढ़ शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा 30 मार्च 2026 को आदेश जारी कर इस माह की विशेष छूट के तहत 30 अप्रैल 2026 तक संपत्तिकर का भुगतान करने पर अधिभार नहीं लगने छूट प्रदान की गई है।

आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि शासन द्वारा करदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते नगरीय निकायों को देय संपत्तिकर की अधिकतम वसूली एवं आम नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते नगरीय प्रशासन विकास विभाग द्वारा 30 अप्रैल 2026 तक संपत्तिकर का भुगतान करने पर विशेष छूट प्रदान करने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। निर्देश में वित्तीय वर्ष 2025-26 में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य तथा जनगणना 2027 की प्रारंभिक तैयारियों एवं मान. सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के पालन में एनीमल बर्थ कंट्रोल रूल के क्रियान्वयन आदि कार्यो में निकायो के अधिकारी व कर्मचारी भी संलग्न रहे। जिसके फलस्वरूप राजस्व आय संग्रहण प्रभावित रही। जिसके आधार पर इस वर्ष संपत्तिकर तथा विवरणी जमा करने हेतु अतिम तिथि 31 मार्च में 30 दिन की विशेष छूट प्रदान करते 30 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है।

## पतंजलि भारत स्वाभिमान न्यास समिति की बैठक आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पतंजलि भारत स्वाभिमान न्यास जिला इकाई की बैठक का आयोजन कल 3 अप्रैल को पतंजलि योग समिति के जिला कार्यालय 82 महेश नगर में शाम 6 बजे से आयोजित किया गया है।

इस बैठक में आगामी 25 दिवसीय सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर को जिला मुख्यालय में आयोजित करने के संबंध में विस्तृत चर्चा की जाएगी। साथ ही संगठन के सुदृढ़ीकरण एवं समिति विस्तार हेतु विभिन्न बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा। योग के साथ सेवा, समर्पण, संतोष व स्वाध्याय के लिए बैठक में सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों से उपस्थिति की अपील की गई है।

## जन्मोत्सव पर पौष्टिक किट वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

खंडेलवाल समाज रत्न श्रीश्री 1008 संत शिरोमणि सुंदरदास के जन्मोत्सव पर फल एवं पौष्टिक आहार किट का वितरण पेंड्री अस्पताल के मरीजों को खंडेलवाल युवा कल्याण संगठन द्वारा किया गया। खंडेलवाल समाज के कुलगुरु संत शिरोमणि 1008 सुंदरदास महाराज के 430वे प्राकट्य दिवस जन्मोत्सव को आनंद भक्तिमय सेवा के साथ 27 मार्च को खंडेलवाल युवा कल्याण संगठन द्वारा किया गया।

खंडेलवाल युवा कल्याण संगठन के सचिव सीए चिराग खंडेलवाल ने बताया कि संगठन के अध्यक्ष अर्पण खंडेलवाल के नेतृत्व में युवा संगठन के पदाधिकारी व सदस्यों द्वारा केसर नगर स्थित संत सुंदरदास की प्रतिमा पर भक्तिमय वातावरण के साथ पूजा-अर्चना, भजन व जय सुंदरम जय-जय सुंदरम के जयकारे के साथ पेंड्री स्थित भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेई सरकारी अस्पताल में फल एवं पौष्टिक आहार कीट वितरण का सेवा कार्य किया गया है। संगठन के कोषाध्यक्ष पराग खंडेलवाल ने बताया कि अध्यक्ष अर्पण खंडेलवाल के नेतृत्व में युवा संगठन की



टीम द्वारा राजनांदगांव शहर के सभी सामाजिक घरों में संतश्री सुंदरदास महाराज के तैलचित्र को घर-घर स्थापित करने का सत्कार्य पूर्व के वर्ष में किया जा चुका है, जो अपने आप में एक ऐतिहासिक पहल है। कार्यक्रम में प्रियंक खंडेलवाल, चिराग खंडेलवाल, पराग खंडेलवाल, मुकेश खंडेलवाल, अंकित खंडेलवाल, गौरव खंडेलवाल, नरेन्द्र खंडेलवाल, प्रभारी विकास, राहुल, कुशल, निकुंज, अर्पित, तनय, साकेत उपस्थित थे। कार्यक्रम की जानकारी संगठन के प्रचार प्रमुख निकुंज खंडेलवाल ने दी।

## पुराने दुकानों का जीर्णोद्वार कर लागत राशि व कलेक्टर दर से भुगतान पर बनी सहमति

**राजनांदगांव।** निगम स्वामित्व की जीई रोड एवं कस्तूरबा महिला मंडल रोड में निर्मित दुकानों के जीर्णोद्धार के लिए गुरुवार को महापौर मधुसूदन यादव ने अपने कक्ष में दुकानदारों की बैठक बुलाई। बैठक में दुकानों की नई ड्राईग डिजाईन अवलोकन व लागत राशि तथा प्रीमियम आदि के संबंध में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह, प्र.कार्यपालन अभियंता प्रणय मेश्राम तथा राजस्व अधिकारी राजेश तिवारी की उपस्थिति में दुकानदारों से चर्चा की गई।



### दुकानदारों की महापौर ने ली बैठक

महापौर श्री यादव द्वारा जीई रोड एवं कस्तूरबा महिला मंडल रोड के दुकानों का ड्राईग डिजाईन दिखाकर दुकानों की साईज, पार्किंग आदि के संबंध में चर्चा की गई। उन्होंने ड्राईग डिजाईन अनुसार लागत राशि एवं वर्तमान प्रचलित कलेक्टर दर से ली जाने वाली प्रीमियम राशि से अवगत कराया। दुकानदारों द्वारा प्रस्तुत नई ड्राईग डिजाईन में कुछ परिवर्तन किए जाने का सुझाव दिया गया, जिसे महापौर द्वारा स्वीकार करते पुनः प्राक्कलन तैयार कर प्राक्कलन अनुसार दर निर्धारित कर पुनः बैठक बुलाकर चर्चा किए जाने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि दुकानदारों की आर्थिक स्थिति को देखते लागत राशि का भुगतान किस्तों में लिया जाएगा। साथ ही लीज अवधि बढ़ाने के लिए दुकानदारों से आवेदन लेकर कार्रवाई करने का भी निर्णय लिया गया।

उल्लेखनीय है कि निगम स्वामित्व की पुरानी व्यवायिक परिसरों में जीई रोड में निर्मित 38 दुकानें तथा कस्तूरबा महिला मंडल रोड में निर्मित 18 दुकानें जर्जर स्थिति में आ गई है। जिसका जीर्णोद्धार कर शासन गाईड लाइन के अनुसार पुनः व्यवस्थापन के लिए महापौर श्री यादव ने सप्ताह पूर्व दुकानदारों की बैठक बुलाकर चर्चा की थी। चर्चा के दौरान दुकानदारों द्वारा बनाई जाने वाली दुकानों की ड्राईग डिजाईन एवं प्राक्कलन तैयार कर अवगत कराने सहमति बनी थी। इसी परिप्रेक्ष्य में महापौर श्री यादव ने पुनः दुकानदारों की बैठक बुलाकर चर्चा की। बैठक के पूर्व में नगर निगम आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने जीई रोड में निर्मित 38 दुकानों एवं कस्तूरबा महिला मंडल रोड में निर्मित 18 दुकानों की साईज, बरांडा तथा पार्किंग स्थल के संबंध में ड्राईग डिजाईन अनुसार जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चर्चा अनुसार दुकानें निगम की ओर पीछे से बनाई जाएगी और कलेक्टर गाईड लाईन के अनुसार प्रीमियम का निर्धारण किया जाएगा। बैठक में दोनों ओर के दुकानदार उपस्थित थे।

## तरूणा की पंडवानी से दर्शक मंत्रमुग्ध

### मंदराजी महोत्सव, लोक मड़ई में शानदार प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध लोक गायिका एवं पंडवानी कलाकार तरूणा साहू ने लोक मड़ई 2026 तुमड़ीबोड राजनांदगांव एवं दाऊ मंदराजी महोत्सव 2026 रवेली राजनांदगांव में अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया।

तरूणा साहू पद्म विभूषण से सम्मानित महान पंडवानी गायिका तीजनबाई की शिष्या है। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा जवाहर नवोदय विद्यालय से प्राप्त की, जहां अध्ययन के साथ-साथ उन्होंने पंडवानी एवं शास्त्रीय संगीत की शिक्षा भी ली। प्रारंभ से ही मेधावी रही तरूणा साहू ने कक्षा 12वीं में बिज़नेस स्टडीस में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। गुरु-शिष्य परंपरा के अंतर्गत उन्होंने कम उम्र (लगभग 9-10 वर्ष) से ही अपनी गुरू तीजनबाई के साथ देश के विभिन्न मंचों दिल्ली, कालिदास समारोह (उज्जैन), भोपाल अयोध्या आदि पर प्रस्तुतियां दी और एक ही मंच पर महाभारत के प्रसंगों को सजीव किया। पंडवानी के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए उन्हें भारत सरकार द्वारा नेशनल स्कॉलरशिप (फोक एवं ट्रेडिशनल आर्ट) भी प्राप्त हुई है। इसके साथ ही वे एनसीसी कैडेट रही, जहां उनका चयन गणतंत्र दिवस परेड दिल्ली हेतु हुआ तथा उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपायी के समक्ष भी अपनी प्रस्तुति दी। वर्तमान में तरूणा साहू रेलवे प्रोटेक्शन फॉर्स राजनांदगांव में निरीक्षक के पद पर कार्यरत है और अपने सब-इंस्पेक्टर बैच की भी गोल्ड मेडलिस्ट है। अपनी कठिन ड्यूटी के बावजूद वे निरंतर पंडवानी के माध्यम से छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर



### नई पीढ़ी तक पहुंचाने सराहनीय कार्य

लोक मड़ई 2026 में "द्रौपदी चीरहरण" प्रसंग ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। वहीं मंदराजी महोत्सव (1 अप्रैल) में "द्रौपदी स्वयंवर" की प्रभावशाली प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को महाभारत के जीवंत चित्र में बदल दिया। उनकी अद्भुत शैली, भाव-प्रस्तुति और स्वर ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया तथा कार्यक्रम को सफल बना दिया। उत्कृष्ट प्रस्तुतियों के माध्यम से तरूणा साहू लगातार छत्तीसगढ़ की प्राचीन लोककला पंडवानी को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का सराहनीय कार्य कर रही है।

को सहेजने और आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। तरूणा ने लगभग 100 से अधिक बच्चे, बूढ़े और महिलाओं को रेस्क्यू किया हुआ है, जो ट्रेन में यात्रा के दौरान छूट गए हैं या कहीं से भटककर आ गए हैं। नई पीढ़ी को महाभारत जैसे महान ग्रंथों से जोड़ने के लिए उन्हें निरंतर प्रेरित करना आवश्यक है। पंडवानी केवल एक कला नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और पहचान है, जिसे जीवित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उनका यह समर्पण न केवल एक कलाकार के रूप में, बल्कि एक जिम्मेदार अधिकारी के रूप में भी समाज के लिए प्रेरणास्पद है।

## लोक कलाकारों ने दाऊ मंदराजी को किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



छत्तीसगढ़ी लोककला नाचा के पुरोधा दाऊ मंदराजी को उनके 125वीं जयंती पर लोक कलाकारों द्वारा भावपूर्ण कृतज्ञता ज्ञापित करते याद किया गया।

कन्हारपुरी वार्ड नं. 34 राजनांदगांव में मंदराजी महोत्सव पुरखा के सुरता के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद मधुसूदन यादव व अध्यक्षता पार्षद मोहनी युवराज भारती ने की। विशिष्ट अतिथि महेश साहू के आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष युवराज भारती, नाचा कलाकार चतुरसिंह बजरंग, नत्थन दास साहू, प्रेमलाल साव, छन्नूदास साहू, धन्नू श्रीवास, महादेव हिरवानी, मनहरण साहू, मोतीलाल साव उपस्थित थे। मुख्य अतिथि मधुसूदन यादव ने दाऊजी की प्रतिमा में दीप प्रज्जवलन व माल्यार्पण कर कहा कि दाऊजी ने राजनांदगांव के माटी में पैदा होकर छत्तीसगढ़ के नाचा कर्म व छतीसगढ़ी संस्कृति को देश दुनिया तक पहुंचाकर नाम कमाया। स्व. दाऊ टहलसिंह बजरंग, स्व. दुलारसिंग निर्मलकर, संगीतकार खुमानलाल साव एवं प्रसिद्ध रंगकर्मी व संगीत निर्देशक स्व. देवीलाल नाग को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस अवसर पर लोक कलाकारों का शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर चेतन सोनवाने, गिरधारीलाल हिरवानी, शिव श्रीवास, दुर्गाप्रसाद साहू, टोपराम हिरवानी, राजकुमार साहू, दिनेश साहू, राजू नाग, श्यामरतन साहू, नीलम साहू व अन्य उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन आयोजन समिति के उपाध्यक्ष डॉ. नरेन्द्र बजरंग द्वारा किया गया। उक्ताशय की जानकारी सह-सचिव ललित निर्मलकर द्वारा दी गई।



## खबर संक्षेप



### रवेली में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

**हरिभूमि कोलेगांव।** ग्राम रवेली में चैत्र पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्री हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जय मां शीतला समिति के तत्वाधान में समस्त समिति सदस्यों द्वारा अनंत बलवंत श्री हनुमान महाराज का विधिवत पूजन-अर्चन किया गया तथा ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि की मंगल कामना की गई। ग्राम रवेली की पावन भूमि पर श्री हनुमान महाराज, श्री शनिदेव महाराज एवं बाबा भोलेनाथ का अद्भुत संगम विद्यमान है, जिससे इस स्थान की धार्मिक महत्ता और बढ़ जाती है। यहां विगत कई वर्षो से शनि जयंती के अवसर पर भव्य मेला का आयोजन भी किया जाता है, जिसमें दूर-दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। इस श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर पूजन-अर्चन के उपरांत भव्य भंडारा प्रसादी का वितरण किया गया, जिसमें पूरे गांव एवं आसपास के क्षेत्रों के लोगों ने भाग लिया। समिति के सदस्यों ने श्री हनुमान महाराज से प्रार्थना की कि उनकी कृपा समस्त ग्रामवासियों पर बनी रहे। इस धार्मिक आयोजन में आचार्य प्रशांत शर्मा की विशेष उपस्थिति रही।

**अनदेखी:** पिछले दो-तीन दशकों में आबादी बढ़ने के साथ जंगलों की अंधाधुंध कटाई व वनभूमि पर कब्जा तेजी से बढ़ा

# कुकदुर वनांचल में हरियाली का संकट, जंगल कटाई और अव्यवस्था से बदल रहा पूरा परिदृश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

वनांचल क्षेत्र में संकट के काले बादल छाए हुए है, एक समय प्राकृतिक वन संपदा, घने जंगलों, वन्यजीवों और सुरम्य वादियों के लिए प्रसिद्ध कुकदुर वनांचल क्षेत्र आज तेजी से अपनी पहचान खोता जा रहा है। मैकल पर्वत श्रृंखला में बसे ग्राम सेंदुरखार, तेलियापानी, कांदावानी, आगरपानी, बिरहुलडीह, देवसरा, मुनमुना, कामठी, कोदवा-गोड़ान, नेऊर, बदना, महीडबरा, अमनिया, दमगढ़, पोलमी, भेंडागढ़, बदौरा सहित सैकड़ों गांवों में अब हरियाली की जगह बंजर पहाड़ दिखाई देने लगे हैं। बताया जाता है कि पिछले दो-तीन दशकों में आबादी बढ़ने के साथ जंगलों की अंधाधुंध कटाई और वनभूमि पर कब्जा तेजी से बढ़ा है। पट्टा प्राप्त करने के लिए प्रति व्यक्ति लगभग 5 एकड़ जंगल काटकर खेती योग्य भूमि बनाई जा रही है। जिसमें ग्राम बिरजूनगर (पुटपुटा), नागाडबरा, खैरहा (महीडबरा), उपका, मौहापानी (दमगढ़), बदौरा, गोर्राकोन्हा जैसे कई क्षेत्रों में अवैध बसाहटें विकसित हो चुकी हैं। यहां बताना लाजिमी होगा कि सबसे चिंताजनक बात यह है कि इन अवैध कब्जों पर कार्यवाही करने के बजाय वहां आवास, हैंडपंप, सड़क, बिजली, आंगनबाड़ी और स्कूल जैसी सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। इससे अन्य लोगों को भी जंगल काटने के लिए अप्रत्यक्ष प्रोत्साहन मिल रहा है। मानव हस्तक्षेप और लगातार शिकार के कारण क्षेत्र में वन्यजीव लगभग समाप्त हो चुके हैं। जो जंगल कभी जीव-जंतुओं से भरे रहते थे, आज वहां सन्नाटा पसरा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार समिति के सदस्यों का चयन निष्पक्ष तरीके से नहीं होता, आम ग्रामीणों की भागीदारी नगण्य है, बैठकों का आयोजन केवल कागजों तक सीमित रहता है, फर्जी उपस्थिति दर्ज कराकर कार्यवाही पूरी दिखा दी जाती है। इससे समितियां अपने मूल उद्देश्य से भटककर कुछ लोगों के हित तक सीमित होती जा रही हैं।

### वन विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल



अधिकांश अधिकारी मुख्यालय में निवास नहीं करते सप्ताह में एक-दो बार ही क्षेत्र का दौरा व चौकीदारों के भरोसे संचालित व्यवस्था, निगरानी और नियंत्रण की कमी वन विकास जनभागीदारी समिति में लोकतंत्र की अनदेखी तथा वन संरक्षण के लिए बनाई गई वन विकास जनभागीदारी समितियों में भी पारदर्शिता और लोकतांत्रिक प्रक्रिया का अभाव देखने को मिल रहा है। समिति के गठन में चुनाव प्रक्रिया अपनाने के बजाय विभागीय अधिकारियों द्वारा अपने चहेते लोगों का मनोनयन कर लिया जाता है।

### साल जैसे महत्वपूर्ण वृक्ष हो रहे गायब

छत्तीसगढ़ का राजकीय वृक्ष साल अब इस क्षेत्र में लगभग नदारद हो गया है। वहीं मध्यप्रदेश की सीमा में प्रवेश करते ही घने साल वन आज भी मौजूद हैं, जिससे दोनों राज्यों की वन संरक्षण व्यवस्था में अंतर साफ दिखाई देता है।

### खनिज और रेत का अवैध दोहन जारी

क्षेत्र में ट्रैक्टर-ट्रॉली और जेसीबी के माध्यम से रेत और खनिजों का अवैध उत्खनन धड़ल्ले से किया जा रहा है, लेकिन प्रशासनिक कार्यवाही नगण्य है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि वन संरक्षण कानूनों का सख्ती से पालन नहीं किया गया, तो आने वाले समय में यह वनांचल केवल कहानियों और यादों में ही सिमटकर रह जाएगा। जब जंगल ही नहीं बचेंगे, तो प्रकृति की गोद में बसे गांवों की पहचान भी खो जाएगी।

### करोड़ों के काम, लेकिन जमीन पर नतीजा शून्य

वन विभाग द्वारा नर्सरी, तालाब, एनीकेट, बांध, रपटा जैसे कार्यों के लिए करोड़ों रुपए स्वीकृत होते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर गुणवत्ता और पारदर्शिता का अभाव है। मजदूरों के नाम पर फर्जी हाजिरी, भुगतान में गड़बड़ी और कार्यों का अधूरा रहना आम बात बन गई है। सामाजिक अंकेक्षण और मूल्यांकन की कमी से भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है।

## नपं पिपरिया में भगवान श्री हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाई गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶पिपरिया

नगर पंचायत पिपरिया स्थित छोटे बाजार में भगवान श्रीहनुमान जन्मोत्सव को लेकर नगरवासी काफी उत्साहित नजर आए। छोटे बाजार स्थित श्री हनुमान मंदिर को भगवा-रंग रंग-बिरंगी लाईट व साज सज्जा से सजाया गया है। वहीं मंदिर-देवालयों में भक्तजनों की भारी भीड़ उमड़ी। जहां श्रद्धालुओं व भक्तजनों द्वारा पूरी विधि विधान से पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख, शांति व समृद्धि की कामना की गई। साथ ही साथ आसपास के सभी श्री हनुमान मन्दिरो में पूजन-हवन, श्री रामायण का पाठ, सुन्दर कांड पाठ, श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।

वहीं भगवान श्रीहनुमान जन्मोत्सव पर मंदिर देवालयों में भव्य भोजन-प्रसाद भण्डारा का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास क्षेत्र के भक्तजनों की बड़ी संख्या में भीड़ उमड़ी। वहीं नगर जय श्री राम व श्री हनुमान जी के नारे से पूरा वातावरण भक्ति-भाव में डूबा रहा।

## सोमनापुर में श्री हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया, उमड़ी भक्तों की भीड़

- क्षेत्र में भक्तिमय माहौल, जय श्री राम के नारों से गूंज उठा नगर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव



धर्म नगरीय ग्राम सोमनापुर सहित आसपास के क्षेत्रों में श्री हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। पूरे क्षेत्र में जय जय श्री राम के गगनभेदी नारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। ग्राम सोमनापुर में जनपद उपाध्यक्ष पंडरिया छत्र किशोर सानू तिवारी के नेतृत्व में भव्य आयोजन किया गया। सुबह से ही हनुमान मंदिरों में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर ग्रामीणों ने अपने परिवार एवं क्षेत्र की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर ग्राम कोलेगांव, भगतपुर, बसनी, पेंड्रीकला, नवापारा, सैहामालगी, मोहतरा कला, कंझेटा, दामापुर, कुण्डा सहित आसपास के कई गांवों में भी श्री हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वहीं जगह-जगह बाजा-गाजा व डीजे के साथ भव्य रैलियां निकाली गई, जिसमें श्रद्धालु गण जय श्री राम के नारों के साथ उत्साहपूर्वक शामिल हुए। आयोजक छत्र किशोर सानू तिवारी द्वारा श्री हनुमान मंदिर परिसर में प्रसाद वितरण का विशेष आयोजन किया गया, जिसमें खीर, पूरी और हलवा का वितरण श्रद्धालुओं के बीच किया गया। वहीं कई स्थानों पर श्रीराम चरित मानस का पाठ एवं प्रवचन भी आयोजित किया गया। पूरे क्षेत्र में दिनभर भक्ति का माहौल बना रहा और श्रद्धालुओं को हनुमान जी के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर नंदकुमार तिवारी, दिनेश पाण्डेय, गुलशन तिवारी, गुलाब तिवारी, सूरज चंद्राकर, संतोष नेताम, सरपंच सुखचैन धुर्वे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थें।

## आरपीएस स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव की धूम, नए सत्र की शुरुआत



**हरिभूमि कवर्धा।** श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल में 1 अप्रैल को शाला प्रवेश उत्सव बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। आरपीएस स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र के प्रथम दिवस पर विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगी पताकाओं और आकर्षक सजावट से सुसज्जित किया गया, जिससे पूरे विद्यालय में उत्सव जैसा माहौल बन गया। विद्यालय में नव-प्रवेशी बच्चों का शिक्षकों द्वारा पारंपरिक तरीके से तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया साथ ही विद्यार्थियों को उपहार स्वरूप चॉकलेट वितरित की गई, जिससे उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। नन्हे-मुन्हे बच्चों की मुस्कान और उत्साह ने पूरे वातावरण को आनंदमय बना दिया। जिस पर विद्यालय की प्राचार्या एम शारदा एवं डायरेक्टर ने इस अवसर पर बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने अभिभावकों से भी सहयोग की अपील की, ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जा सके।

## महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशन में आंगनबाड़ी केंद्र खैरबना कला में न्योता भोज आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

महिला एवं बाल विकास विभाग के संचालक के निर्देशानुसार तथा जिला कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में एकीकृत बाल विकास परियोजना बोड़ला अंतर्गत लालपुर सेक्टर के ग्राम खैरबना कला में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 02 में विशेष नेवता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनबाड़ी सेवाओं के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा बच्चों में पोषण, स्वास्थ्य एवं कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं, पर्यवेक्षक, सहित जिला कार्यक्रम अधिकारी आनंद तिवारी उपस्थित रहे। अधिकारियों द्वारा बच्चों के साथ संवाद कर पूरक पोषण आहार, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण एवं प्री-स्कूल गतिविधियों की जानकारी ली गई।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि एकीकृत बाल विकास सेवा (आईसीडीएस) योजना के अंतर्गत 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों, गर्भवती एवं धात्री माताओं को पूरक पोषण आहार, टीकाकरण, क्रियान्वयन करना है। न्योता भोज कार्यक्रम इसी दिशा में एक सकारात्मक पहल के रूप में आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों को संतुलित एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया गया। भोजन वितरण के दौरान स्वच्छता मानकों का पालन किया गया तथा बच्चों को हाथ धोने, साफ-सफाई और अनुशासन का महत्व भी समझाया गया।

इस अवसर पर जिला प्रशासन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा समुदाय से अपील की गई कि वे आंगनवाड़ी केंद्रों से जुड़कर बच्चों एवं माताओं को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं का लाभ उठाएं। विभागीय अधिकारियों ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि जमीनी स्तर पर उनकी सक्रिय भूमिका से ही योजनाओं का प्रभावी संचालन संभव हो पाता है। कार्यक्रम के आयोजन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं समाज के जागरूक नागरिकों की भी सहभागिता रही।


## कलेक्टर ने दुर्जनपुर में चेकडैम का किया निरीक्षण

**हरिभूमि कवर्धा।** जिले के सुंदूर वनांचल क्षेत्र ग्राम दुर्जनपुर में कलेक्टर गोपाल वर्मा ने 19 लाख रुपए की लागत से निर्मित चेकडैम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता एवं उपयोगिता का जायजा लिया। अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई कि इस चेकडैम के निर्माण से लगभग 15 से 17 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई और निस्तारी की सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे क्षेत्र के किसानों को काफी लाभ मिलेगा और कृषि गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता देखते हुए संबंधित अधिकारियों को इसके बेहतर रखरखाव और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## प्रतापपुर में दो दिवसीय भव्य मेला-महोत्सव का आयोजन, तैयारियां जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम प्रतापपुर में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी दो दिवसीय 6 व 7 अप्रैल को माता अंगारमाती मेला-महोत्सव का 32वां वर्ष बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। यह दो दिवसीय भव्य मेला-महोत्सव 6 से 7 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें क्षेत्रभर से श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। जिसमें 6 अप्रैल को सुबह 7 से 8:00 बजे तक आरती एवं पूजा-अर्चना, 10 से दोपहर 1:00 बजे तक सामाजिक उद्बोधन, दोपहर 1:00 से शाम 7:00 बजे तक चौका आरती तथा रात्रि 10 बजे से सतनाम महिमा लोक गायक राम प्रसाद चेलक एवं उनके साथियों ग्राम बैजी द्वारा भव्य प्रस्तुति दी जाएगी। साथ ही 7 अप्रैल को प्रातः 7:00 से 8:00 बजे तक आरती एवं पूजा-अर्चना, 10:00 से दोपहर 1:00 बजे तक सामाजिक उद्बोधन, दोपहर 2:00 बजे से पालो चढ़ाना, गुरु दर्शन, पंथी भजन एवं अतिथियों का उद्बोधन तथा रात्रि 10:00 बजे से किरण भारती एवं साथियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जगतगुरु गद्दीनसीम रुद्र कुमार गिरौदपुरी धाम होंगे, अध्यक्ष के रूप में प्रतापपुर धाम की राजनंदनी गुरु प्रियंका दीदी उपस्थित रहेंगी तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, विशिष्ट अतिथि गौ-सेवा आयोग छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष विशेषर पटेल, सांसद संतोष पांडेय सहित गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित होगें। जिस पर समितियों द्वारा इस दो दिवसीय आयोजन में विभिन्न कलाकारों एवं स्थानीय प्रतिभाओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी जाएंगी। ग्राम प्रतापपुर एवं समस्त क्षेत्रवासियों ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर मेला-महोत्सव में शामिल होने की अपील की है।



**निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से समझौता नहीं : गोपाल वर्मा**

## कलेक्टर ने बोड़ला के सुंदूर वनांचल क्षेत्रों का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले के सुंदूर वनांचल क्षेत्रों में निर्माण कार्यो की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर गोपाल वर्मा जमीनी स्तर पर निरीक्षण कर रहे हैं। इसी क्रम में बोड़ला विकासखंड के ग्राम खड़ौदाखुर्द, दलदली और तरेगांव पहुंचे, जहां उन्होंने सड़क निर्माण कार्यों का बारीकी से जायजा लिया। ग्राम खड़ौदाखुर्द में मंडी बोर्ड द्वारा निर्मित सड़क तथा तरेगांव दलदली क्षेत्र में मेन रोड दुर्जनपुर-इंदिरापानी से घाटमुंडा और मेन रोड से धारपथरा तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनाए गए सड़कों की गुणवत्ता जांचने कलेक्टर स्वयं मौके पर पहुंचे। उन्होंने निर्माण स्थल पर उपस्थित अधिकारियों एवं तकनीकी अमले से कार्य की प्रगति और गुणवत्ता के संबंध में विस्तृत जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री वर्मा ने सड़क की गुणवत्ता की जांच के लिए मशीन के माध्यम से कोर कटिंग कराई। इसके जरिए सड़क की मोटाई और निर्माण में उपयोग किए गए मटेरियल की मजबूती का परीक्षण किया गया। जांच में सड़क निर्माण कार्य निर्धारित मापदंडों के अनुरूप पाया गया। वही प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बन रहे सड़कों का गुणवत्ता पूर्ण निर्माण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वर्मा ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जिले में कहीं भी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से समझौता नहीं चलेगा। उन्होंने विशेष रूप से दूरस्थ और वनांचल क्षेत्रों में बनने वाली सड़कों की गुणवत्ता पर जोर देते हुए कहा कि यह ग्रामीणों के आवागमन और विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और समय-समय पर तकनीकी परीक्षण सुनिश्चित किया जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित जिम्मेदार के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ अभिषेक अग्रवाल, डिप्टी कलेक्टर आरबी देवांगन, अधीक्षक भू अभिलेख गजेंद्र साहू, जनपद सीईओ बोड़ला आकाश राजपूत, तहसीलदार हुलेश्वर पटेल सहित संबंधित विभाग के अधिकारी एवं तकनीकी कर्मचारी उपस्थित थें।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर)
फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### जिला कांग्रेस कमेटी की समीक्षा बैठक आज

**कवर्धा।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार चल रहे संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम की समीक्षा बैठक एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्यों (डेलीगेट्स / प्रदेश सचिव) व नवनियुक्त जिला कार्यकारिणी के सभी सदस्यों, सभी ब्लॉक अध्यक्षों तथा सभी विंग/प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्षों की महत्वपूर्ण बैठक 03 अप्रैल दिन शुक्रवार को दोपहर 1:00 बजे शहर कांग्रेस भवन, सिग्नल चौक, कवर्धा में आयोजित की गई है। गोपाल चंद्रवंशी महामंत्री, जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बैठक में संगठन की मजबूती, बूथ स्तर तक संगठन के विस्तार, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी एवं आगामी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। बैठक में एआईसीसी के सहसचिव एवं सहप्रभारी छत्तीसगढ़ विजय जांगिड़, जिला कांग्रेस कमेटी संगठन प्रभारी पदम कोठारी, जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम के अध्यक्ष नवीन जायसवाल उपस्थिति रहेंगे। सभी संबंधित पदाधिकारियों से बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर संगठन को मजबूती प्रदान करने कहा गया है।

### अग्निवीर भर्ती आवेदन की बढ़ाई गई तिथि

**कवर्धा।** भारतीय थलसेना में अग्निवीर के विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि, जो पूर्व में 01 अप्रैल 2026 निर्धारित थी, को अभ्यर्थियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए बढ़ाकर अब 10 अप्रैल 2026 कर दिया गया है। जिले के ऐसे इच्छुक एवं पात्र अविवाहित अभ्यर्थी, जो इस भर्ती प्रक्रिया में सम्मिलित होना चाहते हैं, निर्धारित तिथि तक आवेदन कर सकते हैं। यह भर्ती अग्निवीर (जनरल ड्यूटी), अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर स्टोर कीपर/क्लर्क एवं अग्निवीर ट्रेडमेन (8वीं एवं 10वीं) के पदों पर की जाएगी। पात्रता अनुसार अभ्यर्थी का जन्म 01 जुलाई 2005 से 01 जुलाई 2009 के मध्य होना आवश्यक है। साथ ही निर्धारित शारीरिक मापदंडों के अनुसार अभ्यर्थी की ऊँचाई 162 से 168 सेमी तथा सीना 76 सेमी होना चाहिए।

# सशस्त्र नक्सलवाद की समाप्ति के संकल्प की पूर्ति पर खेड़ापति हनुमान मंदिर में हनुमंत भंडारा

- शांति के नए दौर का स्वागत, श्रद्धालुओं ने भंडारे में निभाई सहभागिता, सुरक्षा बलों के साहस को समर्पित रहा यह आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सशस्त्र नक्सलवाद की समाप्ति के ऐतिहासिक संकल्प की पूर्ति के उपलक्ष्य में कबीरधाम जिले के सिद्ध श्री खेड़ापति हनुमान महाराज मंदिर प्रांगण, कवर्धा में श्रद्धा, आस्था एवं उल्लास के साथ हनुमंत भंडारा का भव्य आयोजन किया गया।

इस पावन अवसर पर जिले भर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित होकर भगवान श्री खेड़ापति हनुमान जी महाराज के दर्शन-पूजन कर प्रदेश में शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की तथा भंडारा प्रसादी ग्रहण की। भंडारा आयोजन में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती रश्मि शर्मा एवं उनके पुत्र अभिनव शर्मा द्वारा स्वयं श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर कबीरधाम पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल, डीएसपी भूपत सिंह, श्रीमती अंजु कुमारी, कृष्णा चंद्राकर, आशीष शुक्ला तथा कोतवाली थाना प्रभारी योगेश कश्यप सहित अन्य अधिकारियों ने भी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण कर सहभागिता निभाई एवं प्रसादी ग्रहण की। उल्लेखनीय है कि 31 मार्च 2026 की निर्धारित समय-सीमा तक बस्तर सहित छत्तीसगढ़ से सशस्त्र नक्सलवाद के पूर्णतः समाप्त होने की ऐतिहासिक उपलब्धि प्राप्त हुई है।

इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के उपलक्ष्य में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश में स्थापित शांति, सुरक्षा एवं विकास के नए युग का अभिनंदन करते हुए ईश्वर के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई। विदित हो कि विगत चार दशकों से अधिक समय तक छत्तीसगढ़ विशेषकर बस्तर अंचल, नक्सलवाद की गंभीर चुनौती से जूझता रहा। इस दौरान अनेक निर्दोष नागरिकों एवं सुरक्षा बलों के जवानों ने अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया तथा क्षेत्रीय विकास प्रभावित रहा। कबीरधाम जिला भी इस समस्या से अछूता नहीं रहा। किंतु केंद्र एवं राज्य सरकार के दृढ़ संकल्प, प्रभावी रणनीति तथा सुरक्षा बलों के साहस, पराक्रम एवं समर्पण के फलस्वरूप आज यह ऐतिहासिक सफलता प्राप्त हो सकी है।

### केन्द्र व राज्य सरकारों के सतत् प्रयासों का परिणाम



उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन तथा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किए गए सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप यह उपलब्धि संभव हुई है। साथ ही प्रदेश के गृह मंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा की सक्रिय भूमिका भी इस दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय द्वारा सुरक्षा बलों के वीर जवानों के अदम्य साहस एवं बलिदान को नमन करते हुए उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। कार्यक्रम में भगवान श्री खेड़ापति हनुमान जी महाराज का विधिवत पूजन-अर्चन कर प्रदेश में स्थायी शांति, सुरक्षा, समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की गई। पूरे आयोजन के दौरान भक्ति, श्रद्धा एवं उत्साह का वातावरण बना रहा। भंडारा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता निभाई, जिससे सामाजिक एकता, सौहार्द एवं जन-समरसता का सशक्त संदेश प्रसारित हुआ।

**जयंती:** हनुमान मंदिरों में दिनभर लगा रहा भक्तों का तांता, जगह-जगह भण्डारा

# नगर सहित अचंल में श्रद्धा भक्ति से मनाई गई हनुमानजी की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नगर सहित समूचे अंचल में गुरूवार को हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा श्रद्धा एवं भक्ति के साथ रामभक्त हनुमान की विधिवत पूजा अर्चना कर सुखी जीवन के लिए मंगलकामना की गई।

इस पावन पर्व पर नगर के हनुमान मंदिरों में सुबह से ही हनुमत प्रेमी भक्तों की खासी भीड़ रही। धर्म नगरी कवर्धा सिद्धपीठ खेड़ापति हनुमान मंदिर में अंजनी कुमार की जयंती विविध आयोजनों के साथ मनाई गई। इस दौरान भक्त मंडलियों द्वारा हनुमान चालीसा, रामरक्षा स्त्रोत, सुंदरकांड व हनुमत सहस्त्र नामावली रामचरित मानस का विधिवत पाठ किया गया। जयंती के मौके पर केशरी नंदन का दूध, गंगा जल एवं नर्मदा जल, घी, शहद, दही व इत्र आदि से रूद्राभिषेक कर पवन कुमार का बाल रूप में श्रृंगार किया गया और महाआरती पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।

नगर के प्रसिद्ध व सिद्धपीठ श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर में अभिषेक श्रृंगार के पश्चात घंटा, घडिड़ाल व शंख ध्वनि के साथ महाआरती कर हनुमत स्तवन के साथ हनुमान जी की स्तुति की गई। तत्पश्चात हनुमान लला को लड्डुओं का भोग लगाया गया और प्रसाद वितरण व भण्डारा प्रारंभ किया गया, जो देर शाम तक चलता रहा। वहीं जयंती के मौके पर संध्या आरती पश्चात सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में भजन संध्या आयोजित की गई जिसमें स्थानिय मण्डलियों द्वारा देर रात तक भक्ति संगीत प्रस्तुत किया गया। इसी प्रकार सिविल लाईन स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती के पावन पर्व पर अभिषेक हवन पूजन का आयोजन किया गया। जहां सभी वर्ग के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद गृहण किया। हनुमान जयंती के मौके पर नगर के हटरी पारा, कचहरी पारा, पुराना कृषि उपज मण्डी स्थित हनुमान मंदिर तथा लोहारा रोड स्थित मंदिर में भगवान हनुमान की जयंती पर पूजा पाठ व भण्डारा का भव्य आयोजन किया गया।

### एकता चौंक में महाआरती




जयंती के मौके पर नगर के हनुमान मंदिरों में दिनभर पूजा पाठ के बाद शाम को सिद्धपीठ खेड़ापति हनुमान मंदिर से अंजनी पुत्र की भव्य एवं विशाल शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ों की संख्या में हनुमान भक्त शामिल हुए। शोभायात्रा मंदिर परिसर से गाजे-बाजे, डीजे के साथ निकलकर हटरी पारा, ऋषभदेव चौक, एकता चौक, सिग्नल चौक, बस स्टैण्ड, सीएम हाऊस, गुरूनानक गेट, दर्री पारा, विक्की विडियो, महावीर स्वामी चौक, ठाकुर पारा होते हुए वापस खेड़ा पति हनुमान मंदिर पहुंची। इस दौरान जहां शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया वहीं शोभायात्रा में शामिल बजरंगियों ने स्थानीय एकता चौक में हनुमान जी भव्य महाआरती की और अपने शौर्य का प्रदर्शन किया। शोभायात्रा में शामिल बजरंगियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। हांथ में केशरिया ध्वज लिए बजरंगियों ने समूचे नगर को भगवान श्रीराम और भक्त हनुमान के जयघोष से गुंजाएमान कर दिया।

# सड़क निर्माण में लापरवाही लोगों की बढ़ी मुसीबत



- फिसलन से हादसे, धूल और जाम से लोग बेहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नगर में मुंगेली रोड रेहूंटा पेट्रोल पंप से रौहा तक नेशनल हाईवे पर चल रहे सड़क निर्माण कार्य ने आमजन की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। अव्यवस्थित कामकाज के चलते राहगीरों और स्थानीय निवासियों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के बाद हालात और बिगड़ गए। हरिनाला-कुकदूर मोड़ के पास निर्माण एजेंसी द्वारा डाली गई पीली मिट्टी पानी पड़ते ही फिसलन भरी हो गई। सोमवार को हुई हल्की बारिश के बाद इस स्थान पर दोपहिया और चारपहिया वाहन अनियंत्रित होकर फिसलने लगे। शाम तक 30 से अधिक लोग गिरकर घायल हो गए, जिनमें महिलाएं भी शामिल थीं। कई लोगों के कपड़े खराब हुए और वाहनों को भी नुकसान पहुंचा। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बार-बार सूचना देने के बावजूद निर्माण एजेंसी ने स्थिति सुधारने की कोई कोशिश नहीं की। मामूली उपाय जैसे गिट्टी डालना या जेसीबी से समतलीकरण से हादसों को रोका जा सकता था, लेकिन जिम्मेदारों ने लापरवाही बरती।

### रोज लग रहा जाम, योजना का अभाव

सड़क पर कांक्रीट का काम शुरू होने के बाद यातायात व्यवस्था और बिगड़ गई है। बाईपास या वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था किए बिना निर्माण शुरू करने से कवर्धा मार्ग पर रोजाना घंटों जाम लग रहा है। इससे स्थानीय नागरिकों के साथ-साथ राहगीरों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### धूल से भी बढ़ी परेशानी

करीब तीन किलोमीटर क्षेत्र में जिप्सम युक्त गिट्टी बिछाकर छोड़ दी गई है, जिससे आसपास के मोहल्लों में धूल का गुबार बना रहता है। लोगों का कहना है कि पानी का छिड़काव बहुत कम किया जाता है, जबकि दिन में कम से कम दो बार पानी डालने की जरूरत है।

# मंगली में क्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन मेजबान को हराकर भटगांव बना विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोदवागोडान

पंडरिया विकासखंड के वनांचल स्थित ग्राम मंगली में भुरकुंड देव क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित क्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य समापन हुआ। बुधवार एक अप्रैल को प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया था। समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं पंडरिया जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अर्जुन तिवारी थे, जबकि अध्यक्षता कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ईश्वर शरण वैष्णव ने की। कार्यक्रम में पंडरिया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष घनश्याम साहू विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। रोमांचक मुकाबलों के बाद फाइनल में बाजी मारते हुए भटगांव (मुंगेली) की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिन्हें मुख्य अतिथि द्वारा 20,000 रुपए नगद और स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता की उपविजेता मेजबान टीम मंगली रही, जिसे 10,000 रुपए और शील्ड प्रदान की गई। वहीं, तृतीय स्थान पर रही ग्राम कोदवा गोडान की टीम को 5,000 रुपए और शील्ड से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि अर्जुन तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि ग्रामीण अंचलों में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन युवाओं की प्रतिभा को निखारने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने खेलों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि आपसी भाईचारा और अनुशासन सिखाते हैं। उन्होंने आयोजकों की सराहना करते हुए खिलाड़ियों के उज्वल भविष्य की कामना की। समारोह को ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम साहू ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर कांग्रेस सेक्टर प्रभारी कलेश साहू, उदित ठाकुर, रामखिलावन मरकाम, भड़गा सरपंच भगबंता श्याम, मंगली सरपंच रामदीन लांझेकर, भागबली, राजकुमार साहू सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण, पंचायत प्रतिनिधि एवं खेल प्रेमी उपस्थित थे।



# श्री हनुमान मंदिर में धूमधाम से मनाया गया जन्मोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोदवागोडान

स्थानीय बाजार पारा स्थित श्री हनुमान मंदिर में आज अंजनी नंदन श्री हनुमान जी का जन्मोत्सव अत्यंत हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया।

बजरंग समिति द्वारा आयोजित इस धार्मिक आयोजन के दौरान मंदिर में सुबह से ही विशेष पूजा-अर्चना का दौर शुरू हो गया। भक्तों ने हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। दोपहर के समय हवन-पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से आहुतियां देकर सुख-समृद्धि की कामना की। आयोजन समिति द्वारा शाम को श्रद्धालुओं के बीच मिष्ठान प्रसाद का वितरण किया गया। जन्मोत्सव की भव्यता को और बढ़ाते हुए, रात्रिकालीन कार्यक्रम में संगीतमय रामायण' का आयोजन किया गया है। सुमधुर भजनों और रामायण की चौपाइयों से गुंजायमान मंदिर प्रांगण में भक्त देर रात तक प्रभु श्री राम और हनुमान जी की भक्ति में लीन रहे। इस सफल आयोजन में बजरंग समिति के समस्त पदाधिकारियों और स्थानीय निवासियों का विशेष सहयोग रहा।

# कबीरधाम सहित पांच जिलों में दूसरा पेपर भी निकला हुबहू, उच्चस्तरीय जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम, दुर्ग, बालोद, धमतरी व बलरामपुर जिले में दो अप्रैल को आयोजित कक्षा छठवीं के संस्कृत एवं सातवीं के अंग्रेजी विषय के वार्षिक परीक्षा के प्रश्न-पत्रों का मिलान करने पर फिर से हुबहू प्राप्त हुआ है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने प्रत्येक जिले के लिए अलग-अलग प्रश्न-पत्र मुद्रण कराने के निर्देश का अवहेलना करने का पटाक्षेप हेतु उच्चस्तरीय जांच की मांग दोहराया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने कहा कि मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान को दृष्टिगत रखते हुए लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ नवा रायपुर ने प्रदेश के प्रत्येक जिला शिक्षा अधिकारी को कक्षा पहली से चौंथी, छठवीं व सातवीं का परीक्षा प्रश्न-पत्र जिला स्तर पर प्रश्न-पत्र निर्माण समिति, मॉडरेशन समिति व संचालन समिति का गठन कर मुद्रण कराने का निर्देश दिया था, लेकिन कई जिला शिक्षा अधिकारियों ने इसकी अवहेलना करते हुए अपने जिले के लिए अलग प्रश्न-पत्र निकालने के बजाय दूसरे जिले के प्रश्न-पत्र को ही प्रिंट करा लिया। इसी कारण विगत 30 मार्च को आयोजित चौंथी, छठवीं व सातवीं का प्रश्न-पत्र हुबहू निकला। अब दो अप्रैल को आयोजित कक्षा छठवीं के संस्कृत एवं सातवीं के अंग्रेजी का मिलान करने पर फिर से हुबहू प्राप्त हुआ है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी, उग्रसेन चन्द्रवंशी, हेमलता शर्मा, रविन्द्र चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, बलदाऊ चन्द्राकर, गोकुल जायसवाल, सुरतिया साहू, मनोज चन्द्रवंशी, राजेश तिवारी, जोहन पुनाचा, दुर्गा चन्द्रवंशी, गणेश कुर्रे, धरम प्रकाश मिश्रा, उमेश चन्द्रवंशी आदि ने कहा कि विगत तीस मार्च के बाद अब दो अप्रैल का प्रश्न-पत्र भी हुबहू पाया जाना किसी सोंची-समझी साजिश का हिस्सा है, अतः इसकी पर्दाफाश के लिए उच्चस्तरीय जांच आवश्यक है, ताकि मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता वर्ष में शिक्षा जैसे पुनीत विभाग में दाग लगाने वाले अधिकारियों का नाम सामने आ सके।




## नगर सहित अंचल में धूमधाम से मनाई गई हनुमान जयंती



**पाण्डातराई।** पांडातराई नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में हनुमान जयंती का पर्व बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। नगर के सभी हनुमान मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान हनुमान का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर भंडारे का आयोजन किया गया, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। ग्राम दशरंगपुर स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में दो दिवसीय अखंड हनुमान चालीसा पाठ एवं भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। वहीं ग्राम डोंगरिया में हनुमान मंदिर की स्थापना के साथ ही भंडारे का आयोजन किया गया, जिससे पूरे गांव में धार्मिक माहौल बना रहा।

**जिले के 142482 ग्रामीण परिवारों को रोजगार मिला, महिलाओं को भी मिला काम**

# मनरेगा योजना में सर्वाधिक परिवारों को रोजगार देने के मामले में कवर्धा प्रथम स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत कबीरधाम जिले ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में योजना का बेहतर क्रियान्वयन कर कई उपलब्धियां हासिल करते हुए प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के मार्गदर्शन में कबीरधाम जिले ने ग्रामीणों को सर्वाधिक मानव दिवस का रोजगार देने, सर्वाधिक परिवारों को रोजगार, सर्वाधिक दिव्यांग जनों को रोजगार देने सहित अनेको पैरामीटर पर कई उपलब्धियां अपने नाम की। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा लगातार विभागीय समीक्षाओं के दौरान शासकीय योजनाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित करने प्रोत्साहित किया जाता रहा है। और आज इसी का परिणाम है कि कबीरधाम जिले ने मनरेगा योजना के क्रियान्वयन में बेहतर प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में एक बार फिर अपना नाम प्रथम पंक्ति में स्थापित किया है। जिले के ग्रामीणों को 5854040 मानव दिवस का रोजगार मिला। जो प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। जिले में 2538 दिव्यांग जनों को 58493 मानव दिवस का रोजगार दिया गया। जो प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। योजना अंतर्गत 130160 महिलाएं पंजीकृत है और इन्हें 2933959 मानव दिवस का रोजगार मिला है। महिलाओं को रोजगार देने के मामले में कबीरधाम जिला पूरे प्रदेश में तीसरे स्थान पर है। मनरेगा में रोजगार पाने वाले जिले के ग्रामीणों को 124 करोड़ 53 लाख 46 हजार रुपए का मजदूरी भुगतान सीधे उनके बैंक खाते में जारी किया गया। मजदूरी भुगतान के मामले में कबीरधाम जिला प्रदेश में तीसरे स्थान पर है। ग्रामीणों को मिला मजदूरी भुगतान से उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाते हुए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए कलेक्टर कबीरधाम गोपाल वर्मा ने बताया कि उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा ग्रामीणों को रोजगार देने के लिए निरंतर समीक्षा की गई। हमारे द्वारा ग्राम पंचायतो की मांग पर बहुत से निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए और कार्य प्रारंभ कर ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराया गया। वनांचल क्षेत्र से लेकर मैदानी क्षेत्रों तक बड़ी मात्रा में निर्माण कार्य चल रहे हैं। समय पर मजदूरी भुगतान हो सुनिश्चित किया गया। वर्तमान में ग्रामीणों के लिए पर्याप्त मात्रा में रोजगार उपलब्ध है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 11466 परिवारों को 100 दिवस का रोजगार मिला है और वे आर्थिक रूप से लाभान्वित हुए है।हमारा सतत प्रयास है कि मनरेगा योजना से समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को लाभान्वित किया जाए। जल संरक्षण प्राकृतिक संसाधनों का प्रबंधन एवं आजीविका जैसे प्रमुख घटकों के क्षेत्र में योजना से पर्याप्त कार्य हो रहे है। सीईओ अभिषेक अग्रवाल ने बताया की ग्रामीणों के मांग पर रोजगार उपलब्ध कराना, समय पर निर्माण कार्य की स्वीकृति एवं सभी क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध हो इन बातों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया।

